हरिभूमि

# सागर-चम्बल भूमि फ्रंट पेज

भोपाल, शनिवार 30 अगस्त 2025



06 वाह साहब... हर्र लगी न फिटकिरी और ऐतिहासिक...



09 कर्मचारी नेता से नगर पालिका सीएमओ बोले- तुझे जेल भिजवा दूंगा






## खबर संक्षेप

### सेवादल का मासिक ध्वज वंदन कार्यक्रम नमक मंडी में होगा संपन्न

**सागर।** हर माह के अंतिम रविवार को होने वाले मासिक ध्वज वंदन कार्यक्रम का आयोजन इस अगस्त माह के अंतिम रविवार को कटरा मस्जिद के पास नमकमंडी पर अधिवक्ता रश्मि रितु जैन के करकमलों से संपन्न होगा।कार्यक्रम में प्रमुख रूप से वार्ड पार्षद सुरेखा राकेश राय और प्रदेश महासचिव विजय साहू उपस्थित रहेंगे। शहर सेवादल अध्यक्ष सिंटू कटारे और ग्रामीण सेवादल अध्यक्ष महेश जाटव ने सभी कांग्रेस जनों, पार्षद गण, युवक कांग्रेस, महिला कांग्रेस, एन.एस.यू.आई., सेवादल, यंग ब्रिगेड आदि से 31 अगस्त दिन रविवार,सुबह 10.30 बजे उपस्थित रहने की अपील की है।

### संभाग कमिश्नर के निर्देश पर विद्यालयों का निरीक्षण जारी

**सागर।** संभाग कमिश्नर अनिल सुचारी के निर्देश पर संयुक्त संचालक लोक शिक्षण सागर संभाग मृत्युंजय कुमार के द्वारा विद्यालयों का निरीक्षण लगातार जारी है, इसी परिपेक्ष्य में मृत्युंजय कुमार ने शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय रजौआ का निरीक्षण किया एवं आवश्यक निर्देश दिए। संयुक्त संचालक कुमार ने विद्यालय की उपस्थिति संतोषजनक पाए जाने पर प्रसन्नता व्यक्त की एवं कहा कि इसी प्रकार की उपस्थिति लगातार बनी रहे इसके लगातार प्रयास भी करते रहे। उन्होंने कहा कि विद्यालय में सभी शैक्षणिक कार्य लोक शिक्षण संचनालय के निर्देश के अनुसार संचालित किया जा रहे हैं जो की प्रशंसनीय है । निरीक्षण के दौरान उन्होंने प्रयोगशाला का भी अवलोकन किया जहां छात्राओं के द्वारा लगातार विज्ञान विषय की प्रयोगिक कराई जा रही थी सभी परीक्षाएं सुचारू रूप से संचालित पाई गई। इस अवसर पर प्राचार्य एवं अन्य शिक्षक मौजूद थे।

### प्रतियोगी परीक्षाओं की निशुल्क तैयारी हेतु आवेदन 22 सितंबर तक

**सागर।** शासकीय परीक्षा पूर्व प्रशिक्षण केन्द्र द्वारा बताया गया कि बैंकिंग रेलवे/एस.एस.सी. शासन द्वारा आयोजित समसा प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी हेतु अनुसूचित आति एवं जनजाति के छात्र-छात्राओं आवेदन पत्र 25/08/2025 तक आंमत्रित किये गये थे। आवेदन पत्र कम प्राप्त होने के कारण उक्त तिथि में वृद्धि करते हुए 22/09/2005 की गई है। स्तानक उत्तीर्ण इच्छुक छात्र-छात्राएं आवेदन कर सकते है। प्रशिक्षण कहाएँ 01/10/25 से प्रारम्भ हो जाएगी। अतः जो छात्र जोचित कहाओं के माध्यम से तैयारी करना चाहते है। वे कार्यालयीन समय में कार्यालय प्राचार्य परीक्षा पूर्व प्रशिक्षण केंद्र सागर में आवेदन कर सकते है।

### सागर जिले मे आदर्श आंगनबाड़ी कार्यक्रम का शुभारंभ

**सागर।** कलेक्टर के मार्गदर्शन एवं दूरदर्शी सोच के साथ एक अभिनव प्रयास की शुरुआत करते हुए सागर जिले में महिला बाल विकास विभाग के संयुक्त प्रयासों से आदर्श आंगनबाड़ी कार्यकम की औपचारिक शुरूआत की गई है। इस पहल के अंतर्गत जिले की शाहगढ़ परियोजना के 20 आंगन बाडी केन्द्रों को शाला पूर्व शिक्षा हेतु आदर्श केन्द्र के रूप में विकसित किया जाएगा। इन केन्द्रों का उद्देश्य है कि प्रत्येक बच्चे को गुणवत्तापूर्ण प्रारंभिक शिक्षा और सुरक्षित वातावरण उपलब्ध कराया जा सकेगा जिससे बच्चा विद्यालय में प्रवेश के समय पूर्ण रूप से तैयार हो। कलेक्टरकी मंशानुसार इस कार्यक्रम के तहत आंगनबाडी केन्द्रों को खेल आधारित शिक्षण सामग्री किताबे और गतिविधि संसाधनों से सुसज्जित किया जायेगा। आगनबाड़ी कार्यकर्ताओं को नियमित प्रशिक्षण और सहयोग प्रदान किया जायेगा ताकि वे बच्चों को रोचक और आनंदायक तरीक से शिक्षा सुविधाएं दे सके।

---

नए सभापतियों को चेंबर उपलब्ध कराने नपाध्यक्ष ने कलेक्टर को दिया ज्ञापन

# नपा अध्यक्ष की छवि को बिगाड़ने और अविश्वास प्रस्ताव लाने रचे गए सभी षडयंत्र हुए नाकाम

हरिभूमि न्यूज ⏭ विदिशा

नपाध्यक्ष प्रीति राकेश शर्मा के खिलाफ अविश्वास प्रस्ताव लाने और उनकी छबि को खराब करने के लिए किए गए अब तक के सभी षड़यंत्र विफल साबित हुए हैं। अब संजय कॉम्पलेक्स की दुकानों की छत पर बनाई गई दुकानों का नियम विरुद्ध निर्माण बताकर नपाध्यक्ष पर आरोप लगाए जा रहे हैं।

गुरुवार को पार्षदों के दो गुट कलेक्टर के पास पहुंचे। एक गुट के पार्षद नपाध्यक्ष के समर्थन में पहुंचे तो दूसरे गुट के पार्षद नपाध्यक्ष की शिकायत लेकर कलेक्टर के पास पहुंचे और कलेक्टर को ज्ञापन सौंपा। इधर नपाध्यक्ष ने भी कलेक्टर अंशुल गुप्ता को ज्ञापन सौंपकर पुराने सभापतियों से चेंबर खाली कराने की मांग की है। गुरुवार को नगरपालिका अध्यक्ष प्रीति राकेश शर्मा ने कलेक्टर अंशुल कुमार गुप्ता को ज्ञापन देकर पुराने सभापतियों से चेंबर खाली कराने की मांग की।

25 अगस्त को विधिवत नए चार सभापतियों को उनके विभाग सौंप गए। इन सभापतियों को चेंबर उपलब्ध कराने सभापतियों ने सीएमओ को आवेदन दिया, लेकिन पुराने सभापतियों द्वारा चेंबर खाली नहीं किए गए। वर्तमान में चेंबरों में ताले डले हुए हैं। गुरुवार को नव निर्वाचित सभापतियों ने प्रभारी सीएमओ रमेश वर्मा से घंटों तक निवेदन किया लेकिन चेंबरों के ताले नहीं खोले गए।



### 35 करोड़ की संपत्ति को 2.5 करोड़ रुपए में बेचने का लगाया आरोप

संजय शॉपिंग कॉम्प्लेक्स की दुकानों की ऊपर की छत की जगह को नीलाम करने में मप्र नगरपालिका अधिनियम के प्रावधानों का उल्लंघन कर 35 करोड़ रुपए की संपत्ति को 2.5 करोड़ रुपए में बचने का आरोप कुछ पार्षदों ने नपाध्यक्ष पर लगाए हैं। इस संबंध में गुरुवार को कलेक्टर को ज्ञापन सौंपा गया। ज्ञापन में कहा गया है कि नपाध्यक्ष पति ने तात्कालीन पदाधिकारियों के साथ मिलीभगत कर बिना बाजार मूल्य निर्धारण के लिए बैठक आहूत कर परिषद के पदाधिकारियों से हस्ताक्षर करवाकर दुकानों की नीलामी कर नपा को आर्थिक क्षति पहुंचाकर करोड़ों रुपए का गबन किया है। भूतल के पट्टाधारियों को ही ऊपर की दुकान आवंटित की जाएंगी इस प्रकार का प्रस्ताव पारित किया गया है। यह बैठक 4 अगस्त को होने की बात ज्ञापन में कही गई है। ज्ञापन में यह भी कहा गया है कि निविदा जारी करते समय एसएटीआई संस्था के पत्र के बिंदु क्रमांक चार के अनुसार इमारत की संरचनात्मकता एवं वैधता के संबंध में भी स्पष्ट अभिमत नहीं दिया गया। जिससे स्पष्ट होता है कि बिना तकनीकि मानक की पूर्ति के ही संलग्न पत्र में अंकित मार्गदर्शन को निविदा के शर्त क्रमांक 22 अनुसार क्रय कर्ताओं के ऊपर भारित कर नीलामी कर दी गई। जिसमें अध्यक्ष व उनके प्रतिनिधि राकेश शर्मा का षडयंत्र स्पष्ट प्रतीत होता है।

### एसडीएम और सीएमओ दोनों कर रहे इनकार.. तो फिर कौन कर रहा जांच?

नगरपालिका अध्यक्ष प्रीति राकेश शर्मा के खिलाफ किए जा रहे षडयंत्र की शुरूआत सीएमओ का चार्ज अनिल बढुआ से ग्यारसपुर एसडीएम को दिलाने के साथ हुई। इसके बाद विधायक मुकेश टंडन की सिफारिश पर दुर्गेश सिंह ठाकुर को सीएमओ बनाया गया। इसके बाद एक खेमा नपाध्यक्ष प्रीति राकेश शर्मा के खिलाफ अविश्वास प्रस्ताव लाने की तैयारी में जुट गया। लेकिन कोरम पूरा नहीं हो सका। क्योंकि 30 पार्षद एकजुट नहीं हो सके। इसके बाद नपाध्यक्ष प्रीति राकेश शर्मा पर इस्तीफा देने के लिए दवाब बनाया गया, लेकिन ऐसा भी नहीं हो सका तो नपाध्यक्ष की छबि को नाकारात्मक बनाने प्रत्यक्ष व अप्रत्यक्ष रूप से गुमनाम पत्र लिखकर प्रयास किए गए और नपाध्यक्ष प्रतिनिधि राकेश शर्मा पर भ्रष्टाचार और कमीशन लेने के आरोपों भरा पत्र जगह जगह पहुंचाया गया। जिसकी जांच के लिए नपाध्यक्ष प्रीति राकेश शर्मा ने एसपी को आवेदन भी दिया है। जब सारे षड़यंत्र विफल हो गए तो विधायक मुकेश टंडन और एसडीएम नपा कार्यालय पहुंच गए और इसी दौरान कर्मचारियों के मोबाइल छीन लिए गए और उनका डाटा निकलवाया गया। यह कहा गया कि नपाध्यक्ष के खिलाफ जांच की जा रही है। एसडीएम क्षितिज शर्मा और सीएमओ दुर्गेश सिंह ठाकुर से जब जांच के संबंध में जानकारी चाही गई तो दोनों ने ही इससे इनकार कर दिया। अब सवाल यह उठ रहा है कि जब दोनों ही अधिकारी जांच नहीं कर रहे हैं तो आखिर जांच चल कहां रही है।




### अनुविभागीय अधिकारी कुलदीप पाराशर का अधिवक्ता संघ गढ़ाकोटा ने किया स्वागत

**गढाकोटा।** सागर जिले के गढाकोटा अनुविभाग रहली में नवनियुक्त पदस्थ अनुविभागीय अधिकारी (एसडीएम) कुलदीप पाराशर का अधिवक्ता संघ गढ़ाकोटा में आगमन होने पर स्वागत कार्यक्रम रखा गया कार्यक्रम में गढ़ाकोटा तहसील में पदस्थ तहसीलदार महेश दुबे एवं गढाकोटा व्यवहार न्यायालय में नवीन ए.डी.पी.ओ. श्याम नेम भी उपस्थित थे। उक्त स्वागत कार्यक्रम में शाल-श्रीफल व पुष्पगुच्छ से स्वागत उपरांत अनुविभागीय अधिकारी (एसडीएम) कुलदीप पाराशर ने पक्षकारो को सस्ता व सुलभ न्याय दिलाने के उद्देश्य को सर्वोपरि रखते हुये एक-दूसरे का सहयोग करने का विचार रखा गया। जिसका अधिवक्ता संघ गढ़ाकोटा के अध्यक्ष जमील कुरैशी ने पूर्ण सहयोग करने का आश्वासन दिया। तथा इसके अलावा अधिवक्ता संघ गढ़ाकोटा के अध्यक्ष जमील कुरैशी द्वारा विचाराधीन प्रकरणो की सुनवाई का समय बढ़ाने का आग्रह किया गया जिसके अनुविभागीय अधिकारी कुलदीप पाराशर ने स्वीकार कर समय बढ़ाने का अनुरोध स्वीकार किया गया। इस अवसर पर उपाध्यक्ष विनोद पटैल, कोषाध्यक्ष बहराम खान, सहसचिव खेमचंद कुर्मी तथा कार्यकारिणी सदस्य हेमराज प्रजापति, टीकाराम पटैल, काषीराम कुर्मी के अलावा संघ के वरिष्ठ सदस्य जे.पी. चौदहा, राजेन्द्र चौबे, विवेक भागवत, कैलाशनाथ श्रीवास्तव, संदीप कुर्मी, रामसजीवन चौबे, जागेश्वर खरे, मनीषा सोनी, शशि कुमार खत्री, उमेश कुर्मी, फारूख खान, शेख शमशेर कुरैशी इत्यादि के साथ ही न्यायालयीन कर्मचारीगण व मुंशीगण उपस्थित थे। कार्यक्रम का संचालन वरिष्ठ अधिवक्ता जे.पी. चौदहा ने किया व आभार डी.पी. लड़िया ने माना।



### व्रतधारी महिलाओं के लिए पुरस्कार वितरण

**सागर।** सिंधी कॉलोनी में चल रहे झूलेलाल चालिहा समापन के अवसर पर जिसने 40 दिनों का व्रत रखा था उन महिलाओ युवतियों के लिए ड्रा द्वारा कूपन निकला गया। जिसमे प्रथम सोने का लॉकेट आशा शादीजा को दूसरे नंबर चाँदी की झूलेलाल की मूर्ति मधु गंगवानी तीसरे नंबर पर सिलाई मशीन स्नेहा सिंघानी को मंडली के लालाराम मेठवानी, महिला मंडल अध्यक्ष दिया राजपूत, रैना गोकलानी, ममता तलरेज़ा, सुरेश मोहनानी, दिलीप वाधवानी, परमानंद पंजवानी, राजेश मनवानी, विन्नू आहूजा, सोनू जेसवानी भारती मोहनानी, मोनिका मेठवानी ने संयुक्त रूप से दिए।

### रहली के राजा की आरती में पहुंचे, सैकड़ों भक्त



**रहली।** चांदपुर तिराहे पर बिगत 26 बरसों से लगातार प्रतिवर्ष विराजित हो रहे जय भारत मंडल के गणेश जी जिन्हें रहली के राजा के रूप में मान्यता हे। गुरुवार को शाम की संगीतमई आरती में सैकड़ों माता बहने और श्रद्धालु पहुंचे और बप्पा की आरती उतारी। इस अवसर पर मुख्य यजमान श्री कृष्ण मिश्रा, मंडल के अध्यक्ष सलामत, खा न , सं र क्ष क नरहरी तिवारी, शशिकांत शर्मा, मन्नालाल सोनी, देवी पटेल, धर्मेंद्र यादव, अजय चौबे, सावन विश्वकर्मा, सलीम खान, संगीतकार दिव्यांश तिवारी सहित अनेक सदस्य शामिल हुए। गणेश चतुर्थी का त्योहार देशभर में धूमधाम से मनाया जा रहा है। इस मौके पर शहर से लेकर गांव तक हर जगह भगवान गणेश की प्रतिमाएं स्थापित की गई हैं। जगह-जगह सजे पंडालों में भक्तों की भीड़ उमड़ रही है, जो 'गणपति बप्पा मोरया' के जयकारे लगा रहे हैं। वहीं, गांवों में भी गणेश चतुर्थी का जोश कम नहीं है। ग्रामीण क्षेत्रों में लोग घरों और सामुदायिक स्थलों पर गणपति की स्थापना कर रहे हैं। यहां का माहौल शहरों से थोड़ा अलग और पारंपरिक होता है। मिट्टी से बनी गणेश प्रतिमाओं को फूलों और पत्तियों से सजाया जा रहा है। लोकगीत और भजन के साथ-साथ पारंपरिक नृत्य भी इस उत्सव का हिस्सा बन रहे हैं, जिससे ग्रामीण संस्कृति की झलक मिलती है। कुल मिलाकर, शहरों और गांवों दोनों ही जगह गणपति की स्थापना ने लोगों में एक नई ऊर्जा और उत्साह भर दिया है। यह त्योहार एकता और भाईचारे का संदेश दे रहा है, जहां हर कोई मिलकर बप्पा की आराधना में लीन है।

## सागर में अंतिम हत्या के मामले मे सीरियल किलर शिवप्रसाद को आजीवन कारावास

हरिभूमि न्यूज ⏭ सागर

सागर में अंतिम हत्या के मामले में सीरियल किलर के आरोपी शिवप्रसाद उर्फ हल्कू धुर्वे को भा.द.वि. की धारा- 302 के तहत आजीवन सश्रम कारावास एवं पॉच हजार रूपये अर्थदण्ड की सजा से अपर-सत्र न्यायाधीश/ विशेष न्याया धीश (विद्युत अधिनियम) प्रशांत सक्सेना जिला-सागर की अदालत ने दंडित किया । मामले की पैरवी विशेष लोक अभियोजक सौरभ डिम्हा ने की।

जिला अभियोजन सागर के मीडिया प्रभारी सौरभ डिम्हा ने बताया कि 31 अगस्त 22 को रात्रि लगभग 01 बजे सिर मे चोट लगने से आहत मंगल को उसका भतीजा सचिन जिला अस्पताल लेकर पहॅुचा, आहत के माथे पर फटा हुआ घाव था ड्यूटी डाक्टर ने घटना की सूचना थाना प्रभारी गोपालगंज को दी। आहत गंभीर अवस्था में होने से उसे बी.एम.सी. सागर रिफर किया गया। बीएमसी सागर मे उप.निरी. एन.एस. ठाकुर ने आहत मंगल अहिरवार के बताने पर धारा-307 भादवि की देहाती नालिसी लेख की जिसमे उसने बताया कि वह संत रविदास वार्ड में रहता है ग्राम रतौना में भारत पेट्रोल पंप के सामने मकान बनाने में मिस्त्रीगिरी का काम करता



है। रात करीब 09 बजे वह खाना खाकर अकेला सो रहा था कोई अज्ञात व्यक्ति उसे सोते समय जान से मारने की नियत से फावड़े से सिर मे बायी तरफ और सामने माथे मे प्राणघातक चोट पहॅुचाई वह चिल्लाया तो वह व्यक्ति फावड़ा लेकर भाग गया। फिर वह भारत पेट्रोल पंप पर गया वहॉ काम करने वाले लोगो को घटना बताई 108 ऐबुलेंस से उपचार के लिये तिली अस्पताल आया। घटना स्थल थाना मोतीनगर क्षेत्र होने से थाना मोतीनगर में अज्ञात हमलावर के विरूद्ध देहाती नालिसी के आधार पर धारा-307 की प्रथम सूचना रिपोर्ट लेख की गई । विवचेना के दौरान एफएसएल की टीम, फिंगर प्रिंट की टीम ने घटना स्थल पर पहॅुचकर घटना स्थल का निरीक्षण किया, घटना स्थल का नक्षा तैयार किया गया, अंगुल चिन्ह विषेषज्ञ सेवालाल चौधरी द्वारा घटना स्थल का निरीक्षण कर संभावित चिन्ह लेकर पंचनामा तैयार किया गया। विवेचना के दौरान साक्षियों के कथन लेखबद्ध; किये गये आहत मंगल की हमीदिया अस्पताल में इलाज के दौरान मृत्यु हो गई जिस पर से प्रकरण में 302 भादवि का इजाफा किया गया। विवचेना के दौरान आरोपी शिवप्रसाद को अभिरक्षा में लेकर पूछताछ की गई जिसके आधार पर घटना स्थल से घटना से संबधित महत्वपूर्ण साक्ष्य एकत्रित किये गये,जप्तशुदा समस्त सामग्री को परीक्षण हेतु एफएसएल सागर भेजा गया । थाना-मोतीनगर द्वारा धारा 302 भा.दं.सं., के अंतर्गत आरोपी के विरूद्ध विवेचना उपरांत चालान न्यायालय में पेश किया। अभियोजन द्वारा मामले में 29 अभियोजन साक्षियों को परीक्षित कराया गया एवं दस्तावेजों को प्रदर्षित एवं विचारण के दौरान जप्तशुदा सामग्री को भी आर्टिकल कराया गया व तर्क प्रस्तुत किये गये ।अभियोजन ने अपना मामला संदेह से परे प्रमाणित किया एवं दण्ड के प्रश्न पर आरोपी को मृत्युदंड से दंडित करने के लिये तर्क प्रस्तुत किये गये । जहॉ विचारण उपरांत अपर-सत्र न्यायाधीश/विशेष न्यायाधीश (विद्युत अधिनियम) प्रशांत सक्सेना जिला-सागर की न्यायालय ने आरोपी को दोषी करार देते हुये उपर्युक्त सजा से दंडित किया।



### एसएमसी चुनाव विधीवत संपन्न

**सागर।** शुक्रवार को शासकीय प्राथमिक शाला हरिजन टपरा समनापुर संकुल केन्द्र बम्होरी बीका में शाला प्रबंधन समिती (एस.एम.सी) का गठन परियेवेक्षक ब्रजेश द्विवेदी प्राथमिक शिक्षक एकीकृत माध्यमिक शाला खैज़राबाग के पर्येवेक्षण में बैठक आयोजित कर एस.एम.सी अध्यक्ष एवं उपाध्यक्ष का चुनाव सम्पन्न कराया गया एवं शाला प्रबंधन समिती का गठन किया गया। जिसमे अध्यक्ष उमेश बैरागी, उपाध्यक्ष गोविन्द चढ़ार, सचिव संतोष दुबे एवं समिती सदस्यो में रानी तुलसीराम, रोशनी, सपना, अर्चना, रेखा, अनुराधा, वर्षा, कोमल चढ़ार, अनिल, हरिकांत, सीताराम, अनिल, पप्पू ,रमाबाई को चुना गया। उक्त जानकारी देते हुये समिती सचिव संतोष दुबे ने बताया कि चुनाव शांति और प्रसन्नता पूर्वक संपन हुआ ।



### विधायक शैलेंद्र जैन एवं नगर निगम अध्यक्ष ने लेहदरा नाका विसर्जन स्थल का किया निरीक्षण

**सागर।** गणेश उत्सव पर्व को ध्यान में रखते हुए विधायक शैलेन्द्र कुमार जैन एवं नगर निगम अध्यक्ष वृंदावन अहिरवार ने लेहदरा नाका स्थित बड़ी नदी गणेश विसर्जन स्थल का निरीक्षण किया। इस अवसर पर उन्होंने संबंधित अधिकारियों और ठेकेदारों को अविलंब कार्यवाही करने के निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान विधायक जैन ने कहा कि गणेश विसर्जन के समय भारी भीड़ एकत्रित होती है, ऐसे में श्रद्धालुओं की सुरक्षा एवं सुविधा सर्वोपरि है। उन्होंने नदी की सफाई और गहरीकरण, नदी में गेट लगाकर पानी रोकने की व्यवस्था, तथा पेवर्स ब्लॉक लगाकर स्थल को व्यवस्थित करने के निर्देश दिए। साथ ही जो नया घाट निर्माण हुआ है उसकी सड़क चौड़ीकरण, घाट पर पिचिंग पर पर रंगरोगन, तथा रेलिंग लगाने के निर्देश दिए ताकि विसर्जन के दौरान कोई दुर्घटना न हो। विधायक जैन एवं निगमाध्यक्ष अहिरवार ने अधिकारियों को यह भी निर्देश दिए कि विसर्जन स्थल पर पर्याप्त प्रकाश व्यवस्था, सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम तथा यातायात के लिए सुगम मार्ग तैयार किया जाए, जिससे श्रद्धालुओं को किसी प्रकार की असुविधा न हो।

---

संत रविदास ने एकता, भाईचारे और सामाजिक समरसता का संदेश दिया

# समाज और राष्ट्र निर्माण में अग्रणी है जैन समाजः अविराज सिंह

हरिभूमि न्यूज ⏭ सागर

समाज और राष्ट्र के निर्माण में अग्रणी भूमिका निभाने वाला जैन समाज ही है। जैन धर्म परोपकार, क्षमा, त्याग, तपस्या, एकता का प्रतीक है। जैन धर्म ने विश्व को शांति का संदेश दिया है। यह उद्गार युवा नेता अविराज सिंह ने शर्मा वार्ड स्थित समैया चैत्यालय में व्यक्त किए। उन्होंने दुबे कॉलोनी में सीसी रोड़ का लोकार्पण और जरवांस में संत रविदास मंदिर का लोकार्पण किया। समैया चैत्यालय में संबोधित करते हुए अविराज सिंह ने कहा कि आचार्य श्री विद्यासागर जी महाराज ने कहा था कि अपने राष्ट्र के लिए हमें स्वदेशी को अपनाना चाहिए जिससे आत्मनिर्भर भारत का सपना साकार हो। उन्होंने कहा कि समाज और राष्ट्र को आगे बढ़ाने में जैन समाज का अग्रणी योगदान है। मातृशक्ति का भी बड़ा परीश्रम और त्याग है। विश्व में जो टैरिफ चल रहा है, उसके समाधान में मातृशक्ति को आगे बढ़ाना होगा।




### भगवान गणेश ने अहंकार से मुक्ति का संदेश दिया

दुबे कॉलोनी में सीसी रोड का लोकार्पण करते हुए अविराज सिंह ने कहा कि भगवान गणेश प्रथम पूज्यनीय हैं। वे बुद्धि, विवेक, ज्ञान के देवता है। भगवान गणेश ने कुबेर का अहंकार किस तरह नष्ट किया, की कथा सुनाते हुए उन्होंने कहा कि भगवान गणेश ने हमें अहंकार न करने का संदेश दिया है। उन्होंने जीवन में विनम्रता, एकाग्रता, अनुशासन और समय का उपयोग करने का संदेश दिया है। उन्होंने कहा कि ईश्वर की नित्य पूजा से सकारात्मक ऊर्जा प्राप्त होती है।युवा नेता अविराज सिंह ने जरवांस में संत रविदास मंदिर का लोकार्पण किया। उन्होंने कहा कि संत रविदास जी ने हमें एकता और भाईचारे का संदेश दिया। अपना सम्पूर्ण जीवन समाज की कुरूतियों को मिटाने में लगाया। उन्होंने सामाजिक समरसता का संदेश दिया। हम सभी को प्रयास करना होगा कि राष्ट्र में सामाजिक समरसता आगे बढ़े। उन्होंने गांधी वार्ड में विभिन्न स्थानों पर नाला निर्माण, कुशाभाऊ ठाकरे वार्ड में कुशाभाऊ पार्क निर्माण, शिव मंदिर निर्माण, केके पैलेस से सागर नाका तक रोड चैड़ीकरण, डिवाइडर, स्ट्रीट लाइट, सीसी रोड, आरसीसी नाली निर्माण, जरवांस में कायाकल्प योजना से सीसी रोड, सार्वजनिक शौचालय, पीएम योजना से सौ आवासों की स्वीकृति, पानी की टंकी निर्माण और अमृत योजना में हर घर नल कलेक्षन की जानकारी दी। उन्होंने कहा कि हम सभी मिलकर अपने विधानसभा क्षेत्र को आगे बढ़ायें और विकास में भागीदार बने।

## मैदान का राजशाही दौर का मूल रूप लौटाने दान में मिले पौध व ट्रीगार्ड का उपयोग

# वाह साहब... हर्र लगी न फिटकिरी और ऐतिहासिक ढोंगा मैदान का रंग भी चोखा

हरिभूमि न्यूज ⏭ टीकमगढ़

राजशाही दौर में पोलो ग्राउंड के रूप में उपयोग किये जाने बाले ऐतिहासिक व खूबसूरत ढोंगा ग्राउंड का ताड़ से घिरा हुआ पुराना रूप लौटाने के लिये कलेक्टर विवेक श्रोत्रिय एबं नगर पालिका सीएमओ ओमपाल सिंह भदौरिया ने मुफ्त में सभी इंतजाम कर अद्भुत प्रयास करते हुए भव्य कार्यक्रम आयोजित कर ढोंगा ग्राउंड के चारो ओर 5 सौ ताड़ के पौधों का रोपण किया। साथ ही पौधों को सुरक्षित रखने के लिये 5 सौ ट्रीगार्ड लगबाने का भी इंतजाम किया। यह प्रयास अद्भुत इसलिए कहा गया है क्योंकि ढोंगा मैदान को संवारने के लिये लाखों रूपये कीमत का यह सारा इंतजाम शहर के व्यापारियो व सरकारी सुविधाओं का दान रूप में उपयोग कर मुफ्त में किया गया है। जिसका प्रशासन को शासकीय फंड से कोई भुगतान नहीं करना होगा। लगाए गये पौध और ट्रीगार्ड का एक रूपये का बिल भी नहीं बनाया जायेगा। मतलब कलेक्टर श्रोत्रिय व सीएमओ भदौरिया के प्रयासों से हर्र लगी, न फिटकिरी और रंग रूपी ढोंगा मैदान का स्वरूप भी चोखा होने बाला है। राजशाही दौर की तरह ही कुछ महीनो बाद ढोंगा मैदान पुनः ताड़ के पेड़ो से घिरा हुआ दिखाई देगा।

### 19वीं सदी में भगवंत सिंह ने पोलो खेलने के लिए बनबाया था ढोंगा

ढोंगा मैदान के इतिहास के बारे में जानकारी देते हुए राजपरिवार के सदस्य व फ्रोर्टव्यू होटल के मालिक राजा विश्वजीत सिंह ने कहा कि 1938 तक ओरछा रियासत पर शासन करने बाले महाराजा प्रताप सिंह के दो पुत्र थे। जिनमे से एक राजा बहादुर साब भगवंत सिंह और दूसरे सावंत सिंह थे। इनमे से राजा बहादुर साब भगवंत सिंह नें अपने पिता महाराजा प्रताप सिंह के शासनकाल में ही 19वी सदी में पोलो खेलने के लिये ढोंगा मैदान बनबाया था। जो राजशाही दौर में पोलो ग्राउंड कहलाता था। चुंकि राजा बहादुर साब भगवंत सिंह खेलो के बहुत शौक़ीन थे इसलिए इन्होने पोलो खेलने के लिये 52 एकड़ का ढोंगा ग्राउंड बनबाया। तब मैदान के चारों ओर दीवार रूप में एक हजार से अधिक ताड के पेड़ों को गोलाकार लगाया गया था। और इन्ही गोलाकार ताड़ के पेड़ो के बीच स्थित मैदान में राजा बहादुर साब भगवंत सिंह घुड़सवारी करके पोलो मैच खेलते थे। राजा बहादुर साब भगवंत सिंह के द्वारा ही भगवंत क्लब का भी गठन किया गया था।



### विनोदकुंज में की पौध तैयार और व्यापारियों से लिया ट्रीगार्ड का दान

राजशाही दौर में ढोंगा ग्राउंड के चारो ओर ताड़ के पेड़ो का घना समूह था जो ग्राउंड के चारो ओर दीवालनुमा दिखाई देता था लेकिन समय के गुजरते चक्र के साथ ताड़ के पेड़ सूखने और टूटते चले गये। जिस पर किसी भी जनप्रतिनिधि या प्रशासनिक अधिकारी नें ध्यान नहीं दिया। लेकिन फिर जब जिला कलेक्टर रूप में विवेक श्रोत्रिय और नपा सीएमओ रूप में ओमपाल सिंह भदौरिया जिले में आये तो उन्होंने जिले के ऐतिहासिक स्थलों का जीर्णोद्धार करना प्रारंभ किया। इसी क्रम में ढोंगा मैदान का कायाकल्प करने की रुपरेखा बनाई गई। लेकिन ढोंगा मैदान के इस कायाकल्प कार्य को शासकीय राशि के उपयोग के बिना पूर्ण करने का रचनात्मक कार्य करते हुए ताड़ के पेड़ो की 500 पौध उद्यानिकी विभाग के सहयोग से चकरा रोड स्थित विनोदकुंज में स्वयं तैयार की गई। इसके साथ ही शहर के गल्ला व्यापारी संघ को प्रोत्साहित करते हुए उन्हें 500 ट्रीगार्ड दान करने के लिये प्रेरित किया गया। जिससे मुफ्त में ढोंगा मैदान में पौधरोपण कर ट्रीगार्ड लगाये गये। जिससे कुछ महीनो में ही शहरवासियो को ऐतिहासिक ढोंगा मैदान में पुरानी सुंदरता लौटती हुई दिखाई देगी।

### शहर की धरोहर और कई खेल प्रतियोगिताओ का केंद्र है ढोंगा मैदानः कलेक्टर श्रोत्रिय




कलेक्टर विवेक श्रोतिय नें कहा कि ढोंगा मैदान शहर की खूबसूरत और ऐतिहासिक धरोहर है। जो हॉकी, क्रिकेट, फुटबॉल और एथलेटिक्स सहित कई खेल प्रतियोगिताओं का केंद्र रह चुका है। कलेक्टर श्रोत्रिय ने बताया कि इस संबंध में केंद्रीय मंत्री डॉ वीरेंद्र कुमार और भाजपा नेता विवेक चतुर्वेदी ने ढोंगा ग्राउंड के जीर्णोद्धार का सुझाव रखा था। जिसके बाद हमने यह प्रयास किये। नए पेड़ लगने से मैदान की पुरानी सुंदरता वापस लौट आएगी। कार्यक्रम में पूर्व विधायक राकेश गिरी गोस्वामी, केके श्रीवास्तव, विवेक चतुर्वेदी, रविंद्र श्रीवास्तव समेत कई नेतागण, गल्ला व्यापारिगण व शहरवासी मौजूद रहे।



## राष्ट्रीय खेल दिवस पर आयोजन

# खेल राष्ट्रप्रेम व अनुशासन भी सिखाते हैंः केंद्रीय मंत्री



हरिभूमि न्यूज ⏭ टीकमगढ़

भारत के हॉकी के महानायक मेजर ध्यानचंद की जयंती पर मनाए जाने वाले राष्ट्रीय खेल दिवस के अवसर पर पुलिस लाइन परिसर स्थित खेल मैदान में भव्य कार्यक्रम का आयोजन किया गया।इस अवसर पर केंद्रीय सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्री डॉ. वीरेंद्र कुमार मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। उनके साथ पुलिस अधीक्षक मनोहर सिंह मंडलोई एवं कलेक्टर विवेक श्रोतीय भी मंचासीन रहे।

केंद्रीय मंत्री डॉ. वीरेंद्र कुमार ने अपने संबोधन में कहा कि खेल जीवन का अभिन्न हिस्सा हैं। यह केवल शारीरिक क्षमता ही नहीं बढ़ाते बल्कि युवाओं में अनुशासन, आत्मविश्वास, खेल भावना और राष्ट्रप्रेम की भावना को भी सशक्त करते हैं। आज के युवा खिलाड़ी देश का भविष्य हैं और इन्हें नई ऊँचाइयों तक पहुँचाने के लिए समाज के प्रत्येक वर्ग को आगे आना होगा। पुलिस अधीक्षक मनोहर सिंह मंडलोई ने अपने उद्बोधन में कहा कि खेलों से हमें टीम भावना, धैर्य, अनुशासन और संयम सीखने को मिलता है। पुलिस बल भी अनुशासन और शारीरिक क्षमता के बल पर कार्य करता है, जो खेलों से ही संभव है। मैं सभी युवाओं से आग्रह करता हूँ कि वे खेलों को अपने जीवन का हिस्सा बनाएं। कलेक्टर विवेक श्रोतीय ने कहा कि टीकमगढ़ की धरती प्रतिभाओं से भरपूर है। हमारे युवाओं में अपार ऊर्जा और क्षमता है। यदि यह ऊर्जा खेलों में सही दिशा में लगे तो राष्ट्रीय एवं अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर जिले का नाम रोशन होगा। प्रशासन हरसंभव सहयोग के लिए प्रतिबद्ध है।

इस अवसर पर जिले के वरिष्ठ खिलाड़ियों को सम्मानित किया गया और नई पीढ़ी के युवाओं को उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए प्रोत्साहित किया गया। कार्यक्रम में उपस्थित सभी खिलाड़ियों एवं अधिकारियों को राष्ट्रीय एकता, खेल भावना, खेलों के प्रति सम्मान और अनुशासन बनाए रखने की शपथ दिलाई गई। कार्यक्रम में अनुराग वर्मा, विवेक चतुर्वेदी, अरविंद खटिक, प्रफुल्ल दुबेदी, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक विक्रम सिंह कुशवाह, नगर पालिका सीएमओ ओम पाल सिंह भदोरिया ,एसडीओपी राहुल कटरे, रक्षित निरीक्षक कनक सिंह चौहान, ट्रैफिक प्रभारी आरआई कैलाश पटेल सहित खेल विभाग के अधिकारी कर्मचारी, कोच एवं पुलिस बल के जवान बड़ी संख्या में मौजूद रहे।

# पिछड़ा वर्ग को 14% से बढ़कर 27% आरक्षण देने की मांग कर कांग्रेसियों ने सौंपा ज्ञापन



विदिशा। आरक्षण की मांग को लेकर कलेक्टेट में प्रदर्शन करते हुए पहुंचे कांग्रेस जिलाध्यक्ष मोहित रघुवंशी सहित कार्यकर्ता।

हरिभूमि न्यूज ⏭ विदिशा

मप्र में ओबीसी आरक्षण का मुद्दा फिर से गरमा गया है। गुरुवार को कांग्रेस जिलाध्यक्ष मोहित रघुवंशी के नेतृत्व में कार्यकर्ताओं ने कलेक्ट्रेट पहुंचकर मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन सौंपा। कांग्रेस का कहना है कि 2018 में तत्कालीन मुख्यमंत्री कमलनाथ ने ओबीसी आरक्षण 14% से बढ़ाकर 27% करने की घोषणा की थी।

इसके लिए विधानसभा में संशोधन अधिनियम पारित किया गया। हाईकोर्ट ने भी इस पर कोई रोक नहीं लगाई। जिला कांग्रेस अध्यक्ष मोहित रघुवंशी ने आरोप लगाया कि भाजपा सरकार जानबूझकर आरक्षण को लागू नहीं कर रही है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस सरकार द्वारा बनाए गए कानून पर हाईकोर्ट की मंजूरी भी मिल चुकी है। कांग्रेस की मांग है कि प्रदेश में तत्काल 27% ओबीसी आरक्षण लागू किया जाए।

## दिगंबर जैन समाज का दशलक्षण पर्युषण महापर्व शुरू

# 10 दिन तक करेंगे व्रत और साधना घर का बना सात्विक भोजन ही करेंगे

हरिभूमि न्यूज ⏭ विदिशा

दिगंबर जैन समाज का दशलक्षण पर्युषण महापर्व आज से शुरू हो गया। शहर के सभी जैन मंदिरों में सुबह से ही श्रद्धालु पूजा-पाठ और धार्मिक अनुष्ठानों में शामिल हुए। इनमें अभिषेक, शांति धारा और पूजन जैसे कार्यक्रम हुए।

**10 दिन 10 व्रतों का करेंगे पालन**

पर्व के पहले दिन श्रद्धालुओं ने उत्तम क्षमा व्रत का पालन किया। आने वाले दस दिनों में वे नौ और व्रतों का पालन करेंगे, जिनमें उत्तम मार्दव, उत्तम आर्जव, उत्तम सत्य, उत्तम शौच, उत्तम संयम, उत्तम तप, उत्तम त्याग, उत्तम अकिंचन और उत्तम ब्रह्मचर्य शामिल हैं। इन व्रतों का जैन धर्म में विशेष महत्व है। समाज के पदाधिकारी पंकज जैन ने बताया कि यह महापर्व आत्मसंयम और आत्मकल्याण का प्रतीक है



और 'जियो और जीने दो' का संदेश देता है। इस दौरान जैन धर्म के अनुयायी उपवास, साधना और व्रत करके आत्मसंयम का अभ्यास करेंगे।

वरिष्ठ पदाधिकारी निरंजन पाटनी ने बताया कि इन दिनों समाज के लोग बाहर का भोजन नहीं करेंगे। वे केवल घर का शुद्ध सात्विक भोजन ही ग्रहण करेंगे। सुबह मंदिरों में पूजा-अर्चना और ध्यान होगा, जबकि शाम को महाआरती, भक्तांबर पाठ और अन्य धार्मिक कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे।

## विश्व जनसंख्या स्थिरता माह

# परिवार कल्याण में उत्कृष्ट कार्य पर स्वास्थ्य कार्यकर्ता सम्मानित




टीकमगढ़। कलेक्टर विवेक श्रोत्रिय के मार्गदर्शन में राष्ट्रीय परिवार कल्याण कार्यक्रम अंतर्गत मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ शोभाराम रोशन द्वारा कार्यालय में 11 जुलाई से 11 अगस्त तक आयोजित विश्व जनसंख्या स्थिरता माह के तहत विकल्प कार्यक्रम एवं आईपास डेवलपमेंट फाउंडेशन के विकल्प के सहयोग से उत्कृष्ठ कार्य करने वाले अधिकारी एवं कर्मचारी का जिला स्तरीय सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में परिवार कल्याण कार्यक्रम अंतर्गत परिवार नियोजन के अस्थाई साधनों एवं स्कीम पर वर्ष 2024-25 में उत्कृष्ट कार्य करने वाली आशा कार्यकर्ताओं, पीएचसी व उप स्वास्थ्य केन्द्र को प्रशस्ति-पत्र व शील्ड देकर सम्मानित किया गया।

इस दौरान सर्वाधिक प्रसव पश्चात पीपीआईयूसीडी एवं अंतरा इंजेक्शन लगाने वाले प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र दिगौड़ा प्रथम स्थान, प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र मवई द्वितीय स्थान, प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र लिधौरा तृतीय स्थान व इसी प्रकार अंतरा इंजेक्शन और एफपीएलएमआईसी पोर्टल पर सर्वाधिक कार्य करने वाले उप स्वास्थ्य केन्द्र कँजना प्रथम स्थान, उप स्वास्थ्य केन्द्र बूढ़ौर द्वितीय स्थान व उप स्वास्थ्य केन्द्र गोर तृतीय स्थान तथा आशाओं को योजना ईएसबी विवाह पश्चात प्रथम बच्चे में दो वर्ष की देरी, ईएसबी 2 में प्रथम बच्चे के जन्म से दूसरे बच्चे के जन्म में तीन वर्ष का अंतराल योजना के तहत आशा अनीता नायक प्रथम , शशि राय द्वितीय व सरोज रजक तृतीय पुरस्कार से सम्मानित किया गया। इसी प्रकार अंतरा कार्यक्रम में सर्वाधिक कार्य करने वाली आशा हीरा बाल्मीकि प्रथम स्थान, आशा कुशवाहा द्वितीय स्थान व नीमा कुशवाहा तृतीय स्थान से सम्मानित किया गया। सीएमएचओ डॉ रोशन ने परिवार कल्याण के अस्थाई साधनों एवं स्कीम के प्रचार प्रसार के लिए विशेष प्रयास करने की आवश्यकता पर जोर दिया और इस प्रकार के आयोजन की सराहना की। इस अवसर पर डीएचओ-1 डॉ पीके माहोर, डीएचओ-2 डॉ. के एम वरुण, जिला मीडिया अधिकारी मनोज कुमार नायक, डीसीएम प्रबल त्रिपाठी तथा विकल्प कार्यक्रम की ओर से संभागीय समन्वयक संजय कुमार एवं शीलेंद्र रावत भी उपस्थित रहे।

### 613 युवाओं में से 357 ने की दौड़ पास

विदिशा। अग्निवीर सेना भर्ती के तहत गुरुवार को सातवें दिन विदिशा, भोपाल और रायसेन जिला के युवाओं ने अपना कौशल दिखाया। 701 उम्मीदवारों में से 613 उम्मीदवारों ने उपस्थिति दर्ज की। उम्मीदवारों ने एक दूसरे से प्रतिस्पर्धा करने में बहुत उत्साह और शारीरिक दृढ़ता दिखाई और जिसमे 357 युवाओं ने दौड़ पास की। इन दौड़ पास उम्मीदवारों को इस के बाद शारीरिक प्रवीणता, कागजी कार्यवाही और मेडिकल की प्रक्रिया से गुजरना होगा । जिला प्रशासन विदिशा और सेना भर्ती कार्यालय भोपाल के संयुक्त सहयोग से भर्ती प्रक्रिया सुचारू रूप से चल रही है तथा युवाओं में इस रैली भर्ती के प्रति अपार उत्साह देखा जा रहा है। भारतीय सेना में चयन निष्पक्ष, पारदर्शी केवल योग्यता के आधार पर होती ।

### नगद इनाम की घोषणा

विदिशा। एसपी रोहित काशवानी ने थाना सिरोंज के फरार आरोपियों की सूचना देने अथवा गिरफ्तारी कराने में मदद करने वाले के लिए एक-एक हजार रुपए नगद इनाम देने की घोषणा की है। थाना सिरोंज में दर्ज अपराध प्रकरण के फरार आरोपियों में छत्तू उर्फ छतर सिंह पुत्र स्वर्गीय सरदार सिंह नायक, कल्लू पुत्र उजागर नायक, उजागर सिंह पुत्र सरदार सिंह नायक, राजमल पुत्र स्वर्गीय रामरतन शर्मा निवासीगण ग्राम गंगाखेड़ी थाना सिरोंज जिला विदिशा विदिशा की सूचना देने, गिरफ्तारी में मदद करने वाले के लिए एक-एक हजार रुपए का इनाम घोषित किया गया है।

# कुरवाई थाने में तैनात पुलिस कांस्टेबल से 3.60 लाख ठगे

हरिभूमि न्यूज ⏭ विदिशा

कुरवाई थाने में तैनात कांस्टेबल गोपाल के बैंक खाते से साइबर ठगों ने 3.60 लाख रुपए निकाल लिए। ठगी की यह घटना 20 अगस्त की है। गोपाल बीना के रहने वाले हैं और बीना स्थित बंधन बैंक में उनका खाता है। वे बैंक एप से बैलेंस चेक कर रहे थे। पासवर्ड भूल जाने से एप लॉक हो गया। इसके बाद उन्होंने बैंक के टोल-फ्री नंबर पर मिस कॉल की।

**बिना ओटीपी और लिंक पर क्लिक किए उड़े पैसे**

आधे घंटे बाद उनके मोबाइल पर पैसे कटने के मैसेज आने लगे। पहले ट्रांजेक्शन में 1.99 लाख रुपए और दूसरे में 1.60 लाख रुपए ठगों ने उड़ा दिए। गोपाल का कहना है कि उन्होंने न तो किसी लिंक पर क्लिक किया और न ही ओटीपी शेयर की। पीड़ित ने बैंक से संपर्क किया। लेकिन बैंक कर्मियों ने कोई सहायता नहीं की।

इसके बाद उन्होंने साइबर क्राइम सेल में शिकायत दर्ज कराई है। गोपाल ने बताया कि घर की जिम्मेदारी उन पर है। उनकी पत्नी के नाम पर गोल्ड लोन है। वे मेहनत की कमाई से लोन चुकाकर जेवर छुड़ाना चाहते थे। लेकिन ठगों ने उनकी जमा पूंजी साफ कर दी।

## आज मनाई जाएगी जन्मशताब्दी और 41वीं पुण्यतिथि, कई कार्यक्रम आयोजन कर देंगे श्रद्धांजली

# स्वतंत्रता सेनानी, निर्भीक पत्रकार, जनसेवा के पुरोधा रहे पीताम्बर

हरिभूमि न्यूज ⏭ टीकमगढ़

खादी आंदोलन से लेकर टाइम्स ऑफ इंडिया तक, सत्य और निर्भीकता के प्रतीक पीताम्बर अध्वर्यु का जीवन आज भी प्रेरणा देता है। 30 अगस्त को जिले के गौरव पीताम्बर अध्वर्यु की जन्मशताब्दी और 41वीं पुण्यतिथि है। 30 अगस्त 1977 को 61 वर्ष की आयु में देवलोक गमन करने वाले अध्वर्यु शिक्षा, स्वतंत्रता संघर्ष, पत्रकारिता और जनसेवा,चारों मोर्चों पर अद्वितीय पहचान रखते थे।

### जिले के प्रथम स्नातक की उपाधि धारक बने अध्वर्यु

12 जुलाई 1918 को टीकमगढ़ में जन्मे अध्वर्यु, ओरछा राज्य के तहसीलदार पंडित परमेश्वरी दयाल अध्वर्यु के इकलौते पुत्र थे। 1938 में सवाई महेन्द्र हाई स्कूल, 1940 में कानपुर से इंटर और 1942 में प्रयाग विश्वविद्यालय से स्नातक,जिले के प्रथम स्नातक होने का गौरव उन्हें प्राप्त हुआ। ओरछा राज्य की छात्रवृत्ति पर दिल्ली में अकाउंट एवं ऑडिट की उच्च शिक्षा पूरी कर नेनीताल स्थित भारत सरकार के संस्थान में 1947 तक अकाउंट ऑफिसर रहे, पर 18 दिसंबर 1947 को स्वतंत्रता आंदोलन की पुकार पर पद त्याग दिया।

### बुंदेलखंड में ह्यभैयाजीह्न नाम से बने लोक-आस्था का पर्याय

आजादी के बाद दिल्ली प्रवास के दौरान ही टाइम्स ऑफ इंडिया से जुड़े। 1949 में स्वयं संचालित साप्ताहिक विन्ध्य-वाणी उल्लेख ह्यबिन्धबाणह्न नाम से भी मिलता है के माध्यम से विनोबा भावे के विचारों का व्यापक प्रचार किया। इसके साथ-साथ हिंदुस्तान टाइम्स, इंडियन एक्सप्रेस, क्रोनिकल, हितवाद, लीडर, पीटीआई और ह्लमधुकरह्न बनारसीदास चतुर्वेदी संपादित सहित हिंदीह्नअंग्रेजी के लगभग 20 पत्रह्नपत्रिकाओं में नियमित लेखन किया।



उनकी लेखनी निर्भीक, तथ्यों पर आधारित और जनपक्षधर रही। यही कारण था कि वे बुंदेलखंड में ह्यभैयाजीह्न नाम से लोक-आस्था का पर्याय बन गए।

### पुलिस को चकमा देकर किया पंडित नेहरू का स्वागत

अध्वर्यु का जीवन संघर्ष से मुखर रहा। 1936 में आठवीं कक्षा के छात्र रहते टीकमगढ़ प्रवेश सीमा पर बड़ा सत्याग्रह किया। 1937 में नौवीं में थे, तब खिरिया नाके पर पुलिस की निगरानी को चकमा देकर पंडित जवाहरलाल नेहरू का स्वागत करने पहुँचे। विदेशी वस्त्रों का बहिष्कार कर आजीवन खादी धारण की और टीकमगढ़ में खादी भंडार की स्थापना की।

### जिले में महाविद्यालय की स्थापना के लिये चलाया जनसंग्रह अभियान

पीताम्बर अध्वर्य ने जिले में महाविद्यालय की स्थापना हेतु एक लाख रुपये के जनसंग्रह अभियान में निर्णायक भूमिका निभाई, जिसके बाद विधि लॉ कॉलेज की स्थापना भी साकार हुई। वे जिला सहकारी केंद्रीय बैंक के संस्थापक सचिव और जिला सहकारी भूमि विकास बैंक के संस्थापक अध्यक्ष रहे। आर्थिक स्वावलंबन की जड़ों को मजबूत किया।

### छुआछूत, जात-पात व जातिवादी राजनीति के रहे कट्टर विरोधी*

पीताम्बर अध्वर्य जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष रहे और राष्ट्रीय अधिवेशनों में सक्रिय भागीदारी निभाई। अप्रैल 1948 में विन्ध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री अवधेश प्रताप सिंह, गृहमंत्री लालाराम वाजपेयी और वित्तमंत्री चतुर्भुज पाठक के साथ विधानसभा सचिव का कार्य किया। 1950 में रफी अहमद किदवई के साथ कांग्रेस से अलग होकर किसान मजदूर प्रजा सोशलिस्ट पार्टी में शामिल हुए। 1951 में झोंपड़ी चुनाव-चिह्न पर और 1962 में कांग्रेस प्रत्याशी के रूप में चुनाव लड़ा। छुआछूत और जात-पात के कट्टर विरोधी, मूलत धर्मनिरपेक्ष दृष्टि, परंपरा-सम्भाल और सामाजिक समरसता ही उनकी सार्वजनिक पहचान रही। आजादी की रजत जयंती 15 अगस्त 1973 को मध्यप्रदेश शासन ने स्वतंत्रता संग्राम में उनके योगदान का औपचारिक स्मरण किया, भारत सरकार से स्वतंत्रता संग्राम सेनानी पेंशन और ताम्रपत्र मिला। लेकिन पेंशन उन्होंने जनहित में लौटाई। यही त्याग उनकी पहचान है।

### वेतन संबंधी समस्या को लेकर धरना देकर नपा के संविदा कर्मचारियों ने सौंपा ज्ञापन

# कर्मचारी नेता से नगर पालिका सीएमओ बोले-तुझे जेल भिजवा दूंगा

हरिभूमि न्यूज ⏭ श्योपुर

जो कर्मचारी आवेदन देने आए हैं वह जरूरतमंद है हमें उनकी जरूरत की चिंता है उनके साथ हम न्याय करने बैठे हैं और न्याय करेंगे पर तूने हमारे सुलभ कांप्लेक्स का ताला तोड़ा है तू यहां क्यों आया मैं तेरे ऊपर एफआईआर करवा दूंगा। लिखो आवेदन इसको जेल भिजवाओ। यह बात शुक्रवार को संविदा कर्मचारियों द्वारा वेतन समस्या को लेकर दिए गए ज्ञापन के दौरान सीएमओ आरआर यादव ने सफाई कर्मचारी नेता से हॉट टॉक के दौरान कही। इस दौरान कर्मचारियों ने अपनी मांगों को लेकर नारे भी लगाए।

नगर पालिका में संविदा पर पदस्थ सफाई कर्मचारियों ने समय पर वेतन नहीं मिलने और पीएफ में गड़बड़ी होने जैसी शिकायत का आरोप लगाते हुए शुक्रवार को नगर पालिका पर हल्ला बोल प्रदर्शन कर दिया। इस दौरान कर्मचारियों ने नगर पालिका पर जमकर नारेबाजी की, बाद में चैंबर से बाहर आए सीएमओ ने आवेदन लेते ही पास खड़े सफाई कर्मचारी विजय धूलिया की ओर मुखातिब होते हुए उससे उलझ गए इस दौरान सीएमओ ने विजय से कहा तूने हमारी संपत्ति का ताला तोड़ा है तेरे ऊपर चोरी के एफआईआर करा दूंगा। विजय यह कहते दिखाई दिए कि मैने कोई ताला नहीं तोड़ा मैंने कोई चोरी नहीं कि आप कर्मचारियों की आवाज को दबाने के लिए झूठ बोल रहे हो। आप कर्मचारियों की बातों को अनदेखा करना चाहते हो इस पर सीएमओ बोले कर्मचारी हमारे हैं और हम कर्मचारियों के हैं हम आपस में एक दूसरे की समस्या सुनेंगे निराकरण करेंगे पर तेरा इससे कोई लेना-देना नहीं है। इस हॉट टॉक के बीच कर्मचारी बोले कि आप आपस में लड़ते रहना हमें इससे लेना-देना नहीं हमारी समस्याओं का निराकरण करो इसके बाद सीएमओ ने ज्ञापन लेते हुए उनकी समस्या का निराकरण करने का आश्वासन दिया।



**इन मांगों के लिए सौंपा ज्ञापन**

—शासन से बढ़कर आए 2000 रुपये को 13 माह बाद वेतन में जोड़कर बोनस बताकर समायोजित कर दिया गया, जबकि पूर्व में आश्वासन दिया गया था कि यह राशि सैलरी के साथ किस्तों में दी जाएगी। तीन माह बीत जाने के बाद भी यह बोनस अब तक कर्मचारियों को नहीं मिला है।

—हर माह 5 तारीख तक वेतन दिए जाने का नियम होने के बावजूद कर्मचारियों को 29 या 30 तारीख को ही वेतन मिल रहा है। इससे परिवार की आवश्यकताओं की पूर्ति और बच्चों की पढ़ाई पर भी असर पड़ रहा है। इसमें सुधार किया जाए।

—कर्मचारियों के वेतन से हर माह पीएफ की राशि काटी जा रही है लेकिन उसमें विभाग अपना अंशदान मिलाकर जमा कर रही है या नहीं इसकी जानकारी नहीं दी जा रही है।

—सात साल से अधिक समय से सफाई कामगार के रूप में कार्य करने वाले कर्मचारियों का वेतन मात्र 7 हजार रुपये ही है, जिससे जीवन-यापन करना मुश्किल हो रहा है, इसे बढ़ाया जाए।

**क्या है विवाद का कारण ?**

मेला मैदान के भीतर सुलभ कंपलेक्स बनाया हुआ है। जिसका ठेका नगर पालिका परिषद हर साल बोली लगा कर देती है लेकिन बीते साल ठेके की बोली किसी ने नहीं लगाई थी जिसके चलते नगरपालिका ने कॉम्प्लेक्स में ताला डाल दिया था पर तीन माह पहले श्री हजारेश्वर महादेव मेला शुरू होने पर कॉम्पलेक्स दुकानदारों और सैलानियों की सुविधा के लिए खुलवाया गया था सीएमओं का कहना है कि इस कॉप्लेक्स का ताला विजय ने बिना स्वीकृति के तोड़कर कॉम्पलेक्स का उपयोग किया है। जबकि विजय का कहना है कि परिसर का ताला उसने नहीं मेला ठेकेदार ने खुलवाया है और नगर पालिका ने खोला है उसका या उसके किसी रिश्तेदार का इससे कोई लेना देना नहीं है।

**आरोप झूठा**

सीएमओ कर्मचारियों की आवाज दबाना चाहते हैं इसलिए वह मेरे ऊपर झूठा आरोप लगा रहे थे उन्होंने जो आरोप मेरे लगाए हैं उसकी जांच कराली जाए सुलभ कॉम्प्लेक्स को नपा ने ही मेला ठेकेदार के आवेदन पर खोला था।

विजय धूलिया
जिलाध्यक्ष सफाई कर्मचारी कांग्रेस

### बीएलओ की जिम्मेदारी से मुक्त करने सहित विभिन्न मांगों को लेकर यूनियन ने सौंपा ज्ञापन

# साहब! मानसिक पीड़ा से त्रस्त आंगनबाड़ी कार्यकर्ता उठा सकती हैं आत्मघाती कदम

हरिभूमि न्यूज ⏭ श्योपुर

साहब! हमें सुबह 9:00 बजे से लेकर रात 10:00 बजे तक पोषण ट्रैकर ऐप के माध्यम से विभिन्न जानकारियां ऑनलाइन भरने में ही पूरा समय बीत जाता है ऊपर से गृहणी होने के चलते हमें घर गृहस्थी का काम भी करना पड़ता है, जिसमें परिवार के लोगों से ताने भी सुनने पढ़ते हैं, अब हमे बीएलओ जैसी महत्वपूर्ण जिम्मेदारी भी सौंप दी गई है जिसके कारण आंगनवाड़ी कार्यकर्ता भयंकर मानसिक पीड़ा से गुजर रही हैं। ऐसी स्थिति में अगर वह कोई आत्मघाती कदम उठा लेंगी तो इसकी जिम्मेदारी प्रशासन की होगी जिसने मना करने के बावजूद जबरदस्ती कार्यकर्ताओं को बीएलओ जैसी अति महत्वपूर्ण जिम्मेदारी सौंप दी है। जबकि कोई भी कार्यकर्ता इस जिम्मेदारी को ठीक से निभाने के लिए सक्षम ही नहीं है।यह बात आंगनवाड़ी कार्यकर्ता सहायिका यूनियन (सीटू) की जिला अध्यक्ष राजकुमारी राजपूत ने एसडीएम गगन मीना को ज्ञापन सौंपते हुए कही।

शुक्रवार को विभिन्न मांगों को लेकर कलेक्ट्रेट पर ज्ञापन देने पहुंची आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं ने एसडीएम गगन मीणा को ज्ञापन सौंप कर उन्हें बताया कि हाल ही में प्रशासन ने बीएलओ को बदलने के लिए अभियान चलाया है इस अभियान के तहत उन कर्मचारियों को बीएलओ बनाया गया है, जो कर्मचारी मतदान केंद्र के अंतर्गत निवास करते हैं। यह रिपोर्ट भी बीएलओ से ही मांगी थी शिक्षक बने बीएलओ ने छल कपट पूर्वक सभी शिक्षकों के नाम हटाकर आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं के नाम उन्हें स्थानीय कर्मचारी बताकर सौंप दिए हैं। जबकि जहां आंगनवाड़ी कार्यकर्ता को बीएलओ की जिम्मेदारी सौपी है उन गांव और वार्डों में सरकारी शिक्षक भी निवासरत है ।

इस छल कपट पूर्वक दी गई जानकारी के कारण आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं पर तो अतिरिक्त बोझ आ ही गया है साथ ही यह निर्वाचन जैसे अति महत्वपूर्ण काम में व्यवधान भी उत्पन्न करने का षड्यंत्र है, क्योंकि आंगनवाड़ी कार्यकर्ता कम पढ़ी-लिखी है जो निर्वाचन जैसी जिम्मेदारी को ठीक से नहीं निभा पाएंगी, ऐसे में निर्वाचन का काम पिछड़ना लाजमी है। कार्यकर्ताओं ने उन्हें तत्काल बीएलओ के जिम्मेदारी से मुक्ति देकर सरकारी कर्मचारी शिक्षक आदि को बीएलओ बनाए जाने की मांग की है।



**पांच माह से विभाग करा रहा हम्माली**

आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं ने एक आवेदन देते हुए एसडीएम को बताया कि विभाग 5 महीने से उनसे टीएचआर के बेग उठवाकर आंगनबाड़ी केंद्र ले जाने के लिए हम्माली करवा रहा है। हालांकि टीएचआर के बेग आंगनबाड़ी केंद्र तक पहुंचाने के लिए टेंडर हो चुके हैं और जिस परिवहन कंपनी का टेंडर हुआ है उसकी जिम्मेदारी आंगनबाड़ी केंद्र तक टीएचआर के बेग पहुंचाने की है लेकिन विभाग ट्रांसपोर्टर के साथ गांठ कर आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं से ही टीएचआर उठवाकर आंगनबाड़ी केंद्र तक भिजवा रहा है जिसके चलते आंगनवाड़ी कार्यकर्ता अपनी जेब से पैसा लगाकर दूर दराज गांवों में ऑटो में यह बेग ले जाने को मजबूर है साथ ही भारी भरकम बैग को भी कार्यकर्ताओं को ही उठाना पड़ रहा है जो कार्यकर्ता टीएचआर उठाने में देरी कर देती है उन्हें सेवा से बर्खास्त करने का नोटिस दिया जाता है।

# मठेपुरा से अगवा नाबालिग बालिका यूपी के मिर्जापुर से सकुशल बरामद




**इंस्टाग्राम के जरिए बनी दोस्त के यहां बिना बताए अपना जन्मदिन मनाने चली थी बालिका**

हरिभूमि न्यूज ⏭ श्योपुर

कोतवाली क्षेत्र के गांव मठेपुरा से करीब तीन दिन पहले संदिग्ध परिस्थितियों के बीच अगवा हुई नाबालिग बालिका को पुलिस ने उत्तरप्रदेश के मिर्जापुर से सकुशल बरामद कर लिया है। नाबालिग बालिका ने पूछताछ के दौरान स्वीकार किया है कि वह इंस्टाग्राम के जरिए दोस्त बनी मुस्कान के यहां अपना जन्मदिन मनाने के लिए मिर्जापुर चली गई थी। कोर्ट में बयान दर्ज कराने के बाद पुलिस ने बालिका को परिजनों के सुपुर्द कर दिया है। शुक्रवार को पुलिस कंट्रोलरूम में इस मामले का खुलासा करते हुए एसपी वीरेन्द्र जैन ने बताया कि ग्राम मठेपुरा निवासी नाबालिग बालिका की संदिग्ध परिस्थितियों के बीच लापता हो गई थी। जिसकी रिपोर्ट पिता ने 26 अगस्त को कोतवाली थाने में दर्ज कराई और इंस्टाग्राम के जरिए उसकी दोस्त बनी मिर्जापुर की मुस्कान पर संदेह व्यक्त किया। मामले में तत्काल गंभीरता दिखाते हुए कोतवाली टीआई सतीश सिंह चौहान के नेतृत्व में पुलिस टीम गठित करते हुए संभावित स्थानों की ओर भेजी गई। साइबर तकनीक के जरिए उक्त नाबालिग बालिका को उत्तरप्रदेश के मिर्जापुर निवासी मुस्कान के घर से सकुशल बरामद कर लिया। इस दौरान बालिका ने पूछताछ के दौरान स्वीकार किया है कि उसका कोई अपहरण नहीं हुआ,बल्कि वह अपनी फ्रेंड के यहां मिर्जापुर अपना जन्म मनाने के लिए घर वालों को बताए बिना आ गई थी। बता दें कि मुस्कान पहले दो बार मठेपुरा आकर आ चुकी है। इस मामले में कोतवाली टीआई सतीश सिंह चौहान के अलावा उप निरीक्षक प्रदीप तोमर, एएसआई शीतेन्द्र सिंह,प्रआ अवधेश कुमार, अंसार खान, महिला आरक्षक रिषिका शर्मा,आरक्षक राधेश्याम शर्मा तथा साइबर सेल टीम की अहम भूमिका रही है।

**बच्चों पर रखें नजर**

श्योपुर एसपी वीरेन्द्र जैन ने इस तरह का कोई मामला दोबारा सामने न आए, इसके लिए जिले के लोगों से अपील करते हुए कहा कि बच्चे सोशल मीडिया पर क्या कर रहे है,इस पर घर के समझदार लोगों को नजर रखने की जरूरत है। उनके घर पर रूकने वाला बाहर का व्यक्ति कौन है और कहां का है,इसकी भी जानकारी होना जरूरी है। मिर्जापुर की मुस्कान मठेपुरा में दुलीचंद माहौर के घर आकर उसकी बेटी की फ्रेंड बनकर रूक चुकी है,लेकिन परिवार के लोगों को मुस्कान के बारे में कोई ज्यादा जानकारी ही नहीं थी। यह बात परिजनों की गंभीर अनदेखी को उजागर करती है।

# शिक्षा के बूते ही समग्र विकास सम्भव है: डॉ परमार



**महात्मा गांधी सेवा आश्रम के सचिव ने बालिका शिक्षा केन्द्रों का किया अवलोकन**

हरिभूमि न्यूज ⏭ श्योपुर।

शिक्षा सो तालों की एक चाबी है। आदिवासी समाज का शिक्षा के बूते ही समग्र विकास सम्भव है यह बात महात्मा गांधी सेवा आश्रम के सचिव डॉ रनसिंह परमार ने शुक्रवार को काली तलाई और कलमी गांव केंद्र की बालिकाओं से रूबरू होते हुए कही।

महात्मा गांधी सेवा आश्रम द्वारा कराहल व बड़ोदा क्षेत्र में संचालित बालिका शिक्षा कार्यक्रम के अन्तर्गत जिले में 45 गांव में 46 बालिका शिक्षा केंद्र संचालित हैं। जिनका मुख्य उद्देश्य पढ़ाई छोड़ देने या शासकीय स्कूल में नाम तो दर्ज है, लेकिन नियमित स्कूल नहीं जा रही है ऐसी बालिकाओं को बालिका शिक्षा केंद्र से जोड़कर उनको प्राथमिक शिक्षा देने का कार्य किया जा रहा है। डॉ परमार ने अपनी बात रखने से पहले बालिकाओं गीत गाकर कार्यक्रम को खुशनुमा बना दिया। इस दौरान गांधी आश्रम प्रबन्धक जयसिंह जादौन, सामाजिक कार्यकर्ता रामदत्त सिंह तोमर, दिलीप कुमार जैन, समन्वयक राधावल्लभ जांगिड़, शिक्षिका कुसुम मथुरिया, संगीता भारद्वाज उपस्थित आदि मौजूद रहे।

# जो हमारे कर्णधार बने, अब उनका कर्ज चुकाने का अवसर: जंडेल

हरिभूमि न्यूज ⏭ श्योपुर

कल जब हमारे ऊपर घोर विपदा आई थी तब यही राजस्थान वाले लोग हमारे कर्णधार बने थे। अगर तब अगर राजस्थान से मदद न आई होती तो शासन प्रशासन के भरोसे तो श्योपुर के लोग भूख से ही मर जाते। जो उपकार राजस्थानियों ने हमारे ऊपर तब किया था वह उपकार उतारने का समय अब आ गया है। कल हमारे सामने जो हालत जैसे थे वैसे हालात आज राजस्थान में बन गए हैं हमें उन लोगों की मदद वैसे ही करनी चाहिए जैसे उन्होंने तब हमारे लिए की थी यह बात विधायक बाबू जंडेल ने भोगिका मित्र मंडल द्वारा राजस्थान के सवाई माधोपुर क्षेत्र में बाढ़ पीड़ितों के लिए राहत सामग्री रथ रवाना करते हुए कही।

विगत दिनों हुई अतिवृष्टि के कारण राजस्थान के सवाई माधोपुर और आसपास के गांव में भयंकर बाढ़ जैसी स्थिति निर्मित हो गई। कई गांव पानी में डूब गए सड़के पुलिया पानी के तेज बहाव में बह गए लोगों को खाने पीने के लाले पड़ गए। ऐसी स्थिति में सवाई माधोपुर और आसपास के वह गांव जो बाढ़ पीड़ित है वहां राहत पहुंचाने के लिए भोगिका मित्र मंडल ने आसपास के गांव से राहत सामग्री एकत्रित की है जिसे शुक्रवार को विधायक बाबू जंडेल ने सवाई माधोपुर के लिए रवाना किया। ज्ञात हो कि 2021 में आई बाढ़ के बाद राजस्थान के लोगों ने श्योपुर में जो राहत सामग्री पहुंचाई थी उससे लोगों ने अपना पेट भरा था वरना पूरे रास्ते जाम थे नेटवर्क बंद था कहीं से भी राहत मिलने की उम्मीद समाप्त हो गई थी ऐसे में ईश्वर का दूत बनकर आए राजस्थानियों ने जो पुण्य किया था उसने लोगों को भूखे मरने से बचाया था पूरे जिले में इस बात की चर्चा सोशल मीडिया पर इन दिनों चल रही है कि जो 2021 में राजस्थानियों ने हमारे साथ पुण्य किया था अब उसका बदला चुकाने का समय आ गया है। जगह-जगह लोग राजस्थान में के बाढ़ पीड़ितों के लिए राहत सामग्री एकत्रित कर रहे हैं।




### मलेरिया विभाग लगातार सर्वे कर नष्ट कर रहा है डेंगू लार्वा, लगातार की जा रही मलेरिया जांच

# डेंगू के डंक से फिलहाल राहत में जिले के लोग,मलेरिया के 24 मरीज आए सामने

हरिभूमि न्यूज ⏭ श्योपुर।

पिछले साल डेंगू के डंक से सहमे श्योपुर जिले के लोग फिलहाल राहत की सांस में है। क्योंकि इस साल श्योपुर जिले में अभी तक भी डेंगू का मरीज नहीं मिला है। हालांकि मलेरिया के 24 मरीज सामने आ गए है। जबकि पिछले साल डेंगू के 72 और मलेरिया के 135 मरीज मिले थे। लेकिन इस साल डेंगू और मलेरिया मरीजों को लेकर गिरावट आई है। थी। मलेरिया विभाग इस गिरावट के पीछे कारण लोगों की साफ सफाई के प्रति जागरूकता और सतत चल रही मलेरिया विभाग की मैदानी कार्रवाई को बता रहा है। मलेरिया विभाग के अधिकारियों का कहना है कि मलेरिया विभाग लगातार डेंगू लार्वा का सर्वे कर लार्वा नष्ट करने का कार्य कर रहा है तथा जिन स्थानों पर पिछले साल मलेरिया व डेंगू के मरीज सामने आए है, वहां पर जांच नमूने के साथ ही दवा का छिड़काव तथा लोगों को सावधानी बरतने की सलाह दे रहा है।

दरअसल मलेरिया विभाग मलेरिया व डेंगू की सेंपलिंग लगातार करता है, केस सामने आने पर जांच को तेज कर दिया जाता है। आशा कार्यकर्ता, एएनएम व जमीनी स्तर के कर्मचारियों के माध्यम से सेंपलिंग की जाती है। बताया गया है कि इस वर्ष 20 अगस्त तक जिले में 72 हजार 948 लोगों की मलेरिया जांच की जा चुकी है। यहां बताना होगा कि मलेरिया और डेंगू दोनों ही बीमारियां बरसात के मौसम में, खासकर मानसून के दौरान, जून से सितंबर तक अधिक फैलती हैं। मच्छरों की संख्या में वृद्धि और स्थिर पानी में उनके पनपने के कारण, यह समय इन बीमारियों के लिए अनुकूल होता है। मलेरिया और डेंगू, दोनों ही मच्छर जनित बीमारियां हैं।



**162 लोगों की डेंगू जांच, 72948 लोगों की मलेरिया जांच**

मलेरिया विभाग से मिली जानकारी के अनुसार जिले में इस साल 20 अगस्त तक 162 लोगों की डेंगू जांच की जा चुकी है। जिसमें एक भी मरीज डेंगू का नहीं मिला है। जबकि मलेरिया की 72 हजार 948 लोगों की जांच की जा चुकी है। इनमें से 24 मरीज मलेरिया के सामने आए है। इसलिए मलेरिया विभाग के अफसर राहत की सांस ले रहे है।

**2023 में 81, 2024 में मिले थे डेंगू के 72 मरीज**

वर्ष 2025 की तुलना में वर्ष 2023 और 2024 में डेंगू और मलेरिया के मरीज अधिक सामने आए थे। बात डेंगू की करें तो वर्ष 2024 में 784 लोगों की डेंगू जांच के दौरान 72 डेंगू मरीज मिले थे तथा वर्ष 2023 में 720 लोगों की जांच में 81 डेंगू मरीज सामने आए थे। जबकि वर्ष 2025 में अभी तक 162 लोगों की डेंगू जांच की जा चुकी है,लेकिन मरीज एक भी सामने नहीं आया है। इसी प्रकार मलेरिया की बात करें तो वर्ष 2023 में 1 लाख 28 हजार 502 मरीजों की मलेरिया जांच की थी,जिसमें 222 मलेरिया मरीज सामने आए थे, वर्ष 2024 में 1 लाख 28 हजार 470 मलेरिया जांच में से 135 मलेरिया मरीज मिले थे,लेकिन वर्ष 2025 में अभी तक 72 हजार 948 लोगों की जांच में 24 मरीज मलेरिया के निकले है।

**रोकथाम के तरीके**

- मच्छर भगाने वाली क्रीम, मच्छरदानियों का प्रयोग करें।
- पानी जमा न होने दे तथा लगातार साफ करते रहे।
- शाम और सुबह के समय घर के अंदर रहें।
- मानसून सावधानी बरतनी चाहिए।

**तीन वर्ष की स्थिति**

| वर्ष | डेंगू | मलेरिया |
|---|---|---|
| 2023 | 81 | 222 |
| 2024 | 72 | 135 |
| 2025 | 00 | 24 |

**इनका कहना...**

बुखार आने पर ज्यादा समय घर पर व्यतीत न करते हुए डॉक्टर को दिखाएं तथा सलाह लेकर उपचार शुरू करें। बच्चों को लेकर ज्यादा सावधानी बरतने की आवश्यकता है। सावधानी बरतने पर बीमारी से बचा जा सकता है। जिले में लगातार जांच व सर्वे का कार्य किया जा रहा है।

डॉ एसएन बिंदल
जिला मलेरिया अधिकारी,श्योपुर

# राष्ट्रीय खेल दिवस पर नगर पालिका परिषद में शपथ का आयोजन

हरिभूमि न्यूज ⏭ श्योपुर

अंतरराष्ट्रीय स्तर पर भारत का नाम विश्व पटल पर चमकाने वाले और भारत को ओलंपिक जैसे खेल में गोल्ड मेडल दिलाने का श्री गणेश करने वाले मेजर ध्यानचंद सभी खिलाड़ियों खासकर युवा वर्ग के लिए प्रेरणा स्रोत हैं और हमेशा रहेंगे। यह बात राष्ट्रीय खेल दिवस के अवसर पर नगर पालिका उपाध्यक्ष संजय महाना ने नपा सभागार में आयोजित कार्यक्रम के दौरान संबोधन देते हुए कहीं। इस दौरान सीएमओ आरआर यादव ने नशा मुक्ति की शपथ भी दिलाई।

हॉकी के जादूगर मेजर ध्यान चंद के जन्म दिवस को पूरा देश ''राष्ट्रीय खेल दिवस के रूप में मनाता है'' इसी क्रम में नगरपालिका परिषद द्वारा एक कार्यक्रम आयोजित किया गया इस अवसर पर नपा उपाध्यक्ष संजय महाना ने मेजर ध्यान चंद के जीवन पर प्रकाश डालते हुये बताया कि उनके नेत्तृव में ऑलोंपिक खेलो में भारत को तीन बार स्वर्ण पदक दिलवाया था। इसके अलावा उन्होने ने कई अन्तराष्ट्रीय हॉकी प्रतियोगिताओं में भारत का परचम लहराया। इस अवसर पर सीएमओ आरआर यादव ने बताया कि मेजर ध्यान चंद मेरे पडोसी रहें है। मेजर ध्यान चंद के पुत्र अशोक भी अन्तराष्ट्रीय हॉकी खिलाड़ी रहे है। बचपन में हम लोग साथ खेले हैं। मेजर ध्यान चंद ने अपने अंतराष्ट्रीय खेल जीवन लगभग 1000 गोल किये है, जिसके लिए उन्हें हॉकी का जादूगर भी कहा गया। इस अवसर पर सीएमओ ने सभी अधिकारियों/कर्मचारियों को फिट इण्डिया की शपथ दिलवाई। कार्यक्रम में पार्षद अकबर अली दाउदी, पार्षद प्रतिनिधि महावीर वाल्मिकी, नपा उपयंत्री पवन कुमार गर्ग एवं निकाय के अधिकारी/कर्मचारीगण उपस्थित थें। कार्यक्रम का संचालन आदित्य चौहान ने किया।




**राष्ट्रीय खेल दिवस पर अधिकारी कर्मचारियों ने ली शपथ**

श्योपुर। कलेक्टर अर्पित वर्मा के मार्गदर्शन में कलेक्ट्रेट कार्यालय में राष्ट्रीय खेल दिवस के अवसर पर अधिकारियों एवं कर्मचारियों द्वारा शपथ ली गई। इस अवसर पर अपर कलेक्टर रूपेश उपाध्याय ने अधिकारियों, कर्मचारियों को खुद को शारीरिक रूप से स्वस्थ, मानसिक रूप से मजबूत और भावनात्मक रूप से संतुलित बनाने के साथ ही हर दिन खेल और फिटनेस गतिविधियों के भाग लेने एवं अन्य लोगों को भी इसके लिए प्रोत्साहित करने की शपथ दिलाई गई। शपथ ग्रहण के दौरान महिला बाल विकास अधिकारी महेन्द्र कुमार अम्ब, नायब तहसीलदार शैलेन्द्र देव सिंह एवं टीएस लकडा सहित अन्य अधिकारी, कर्मचारी उपस्थित थे।

## खबर संक्षेप

### पति की गुमशुदगी का मामला दर्ज, जांच शुरू

**अशोकनगर।** जिले के सेहराई थाने के अंतर्गत ग्राम अचलगढ़ निवासी गंगोबाई पत्नी पप्पू आदिवासी उम्र 36 साल ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि उसका पति पप्पू आदिवासी 2 अप्रैल को घर से काम करने का कहकर अजमेर गया था जो कि आज दिनांक तक वापिस लौटकर नहीं आया है। जिस पर से पुलिस ने गुमसुदगी का मामला दर्ज किया है।

### बुजुर्ग की कुएं में डूबने से मौत, मर्ग किया कायम

**अशोकनगर।** जिले के कचनार थाने के अंतर्गत ग्राम बरखेडा लाल निवासी बसोरा पुत्र ग्सारसा अहिरवार उम्र 90 साल की खेत के कुएं में गिरने से मौत हो गई। पुलिस ने मर्ग का मामला दर्ज किया है मामले की जांच की जा रही है।

### मोहरी पुलिस लाईन से दो बाईक ले गए चोर

**अशोकनगर।** जिले के देहात थाने के अंतर्गत पुलिस लाईन मोहरी निवासी धर्मेन्द्र रजावत ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि मोहरी पुलिस लाईन के न्यू बिल्डंग के क्वार्टर ई-12 के सामने से कोई अज्ञात आरोपी फरियादी की एवं सुरेन्द्र आदिवासी की मोटर साईकिल चोरी कर ले गया। जिस पर पुलिस ने अज्ञात चोर के खिलाफ मामला दर्ज किया है।

### बाईक से गिरी पत्नी की मौत, पति पर केस दर्ज

**अशोकनगर।** जिले के शाढ़ौरा थाने के अंतर्गत अशोकनगर रोड पर ग्राम मढ़ी हवेली के समीप 22 अगस्त को रफीक खान पुत्र अजमेरी खान निवासी ग्राम मूडरा अपनी पत्नी आरजू बानो को बिठाकर ला रहा था। बीच रास्ते में बाईक से गिरने से पत्नी आरजू बानो की मौत हो गई थी। जिस पर से पुलिस ने मर्ग का मामला दर्ज किया था। उक्त मामले की जांच सहायक उप निरीक्षक मुकेश शर्मा थाना शाढ़ौरा द्वारा किए जाने के बाद आरोपी पति के खिलाफ लापरवाही पूर्वक वाहन चलाने पर मामला दर्ज किया गया है।

### मारपीट की घटनाओं के अनेक प्रकरण दर्ज किए

**अशोकनगर।** जिले के विभिन्न क्षेत्रों में मारपीट की घटनाओं के कईं मामले दर्ज किए गये हैं। जिले के कोतवाली थाना क्षेत्र के अंतर्गत पठार मोहल्ला निवासी विनोद शर्मा ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि आरोपी बल्लू एवं कन्नू चंदेल ने लोह के पाईप से उसकी मारपीट की और जान से मारने की धमकी दी।जिले के कचनार थाना क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम हमीदपुर निवासी ज्ञान सिंह ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि आरोपी धन्न सिंह कृष्णा कुशवाह ने उससे मारपीट की और जान से मारने की धमकी दी। जिले के पिपरई थाना क्षेत्र के अंतर्गत निवासी वंदना पत्नी अहिरवार ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि आरोपी उसके पति नेतराम अहिरवार, रणधीर, धनराज और नंदराम अहिरवार पंचायत चैराहे पिपरई पर उससे मारपीट की और जान से मारने की धमकी दी। जिले के पिपरई थाना क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम बक्सनपुर निवासी संजय ओझा ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि आरोपी भूरा यादव एवं हरतुम यादव, निवासी पठार मोहल्ला पिपरई ने मारपीट की और जान से मारने की धमकी दी।

### गली-गली में शोर है गायत्री शर्मा चोर है के नारे लगे, किया हनुमान चालीसा पाठ

# नगर पालिका उपाध्यक्ष सहित 18 पार्षदों ने दिए अपर कलेक्टर को अपने इस्तीफे




हरिभूमि न्यूज ▶▶ शिवपुरी

शिवपुरी में उपाध्यक्ष सहित 18 पार्षदों ने पहले तो नगर पालिका कार्यालय पहुंचकर नगर पालिका कार्यालय के सामने दंडवत प्रणाम कर चलते हुए लगाए नारे गली-गली में शोर है गायत्री शर्मा चोर है बता दें कि जिन 18 पार्षदों ने बगीचा सरकार हनुमान मंदिर करेरा पर मीटिंग कर कसम खाई थी उन सभी उपाध्यक्ष सहित 18 पार्षद आज अपना इस्तीफा देने के लिए कलेक्टर कार्यालय पहुंचे कलेक्टर रवींद्र कुमार चौधरी उपस्थित नहीं होने के चलते 18 पार्षद ही भजन एवं नारे लगाते हुए धरने पर बैठे और डीएम को सूचित किया गया है। वर्तमान नगर पालिका अध्यक्ष शिवपुरी गायत्री शर्मा पर बना इस्तीफा देने का जबरदस्त दबावए देखना होगा कि शिवपुरी नगर पालिका के उपाध्यक्ष सहित 18 पार्षदों के इस्तीफे स्वीकार होते हैं अथवा गायत्री शर्मा आने वाले कुछ दिनों में अपना इस्तीफा आल्हा नेताओं के कहने पर देंगी इसका पर्दा हटने में कितना समय और लगता है।

#### देशभक्ति से ओतप्रोत गीतों के बीच नपा के 17 पार्षद पहुंचे कलेक्ट्रेट

शहर में कुछ जगह स्थानीय लोगों ने भी फूल माला पहनाई, इसमें उनकी श्रद्धा थी। या फि र पूर्व प्लानिंग, चूंकि आज मौसम के मिजाज भी तल्ख हैं, और उमस भरी गर्मी के बीच पैदल चलकर आए पार्षद कलेक्ट्रेट परिसर में आकर पसीना पोंछने लगे। कलेक्ट्रेट में आने के बाद उन्होंने इस्तीफा देने से पहले मीडिया को अपने बयान देकर बताया कि हमने जो बगीचा सरकार पर कसम खाई थी उसके अनुरूप हम नपाध्यक्ष गायत्री शर्मा को नहीं हटा पाए। इसलिए अपना इस्तीफा देने आए हैं। पार्षदों के बाद रामजी व्यास ने भी अपने लंबे.चौड़े विचार व्यक्त किए कलेक्ट्रेट में कलेक्टर रविंद्र चौधरी नहीं थे तो फि र एडीएम को इसके लिए सूचित किया गया। यह पार्षद कलेक्ट्रेट आने से पहले माधव चौक पर स्थित हनुमान मंदिर, और उससे पहले करेरा के बगीचा सरकार में भी इस्तीफ ा की फोटो कॉपी दे आए हैं। पार्षदों के चेहरों पर निश्चितता के भाव देखकर आसानी से समझा जा सकता है, कि इस्तीफा देने वाले पार्षद इस बात से आश्वस्त हैं कि उनके इस्तीफे स्वीकार नहीं होंगे। तथा बाद में वो फिर अपने वार्ड का प्रतिनिधित्व करेंगे।

#### नहीं हुआ वार्ड में विकास

वार्ड 9 की रितु के जेठ विधायक, फिर भी नहीं हुआ वार्ड विकास बताना होगा कि पिछले दो माह से चल रही नगरपालिका की ड्रामेबाजी में गुरुवार को इस्तीफा एपीसोड हुआ। 18 में से 17 पार्षद एकजुट होकर देशभक्ति गीतों की धुन पर कलेक्ट्रेट पहुंचेए लेकिन वहां जाकर उन्हें 45 मिनट उमस में परेशान होना पड़ा। वार्ड 9 की पार्षद रितु जैन ने अपने पति के साथ अलग से इस्तीफा दिया।

#### बगीचा सरकार मंदिर पर कसम खाकर किया विरोध शुरू

सबसे पहले पार्षदों ने करेरा के बगीचा सरकार में जब नपाध्यक्ष गायत्री शर्मा को हटाने या फिर खुद इस्तीफा देने की कसम खाई। पार्षदों को ऐसा लगा कि जब सत्ताधारी पार्षद इस्तीफे की धमकी देंगे, तो हमारी पार्टी के वरिष्ठ नेता सहयोग करके नपाध्यक्ष को हटा देंगे। डेढ़ महीने की कवायद में जब कोई परिणाम नहीं आया, तथा वरिष्ठ नेता, नपाध्यक्ष को बचाने में जुट गए। तो पार्षदों ने अविश्वास का आवेदन दिया। अविश्वास प्रस्ताव के आवेदन से केंद्रीय मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया की ऊपर किरकिरी होने लगी, तो उन्होंने अपने कृपापत्रों को जिम्मेदारी दी। प्रभारी मंत्री और जिलाध्यक्ष ने दिन रात बैठकें करके पार्षदों को इस बात के लिए तैयार किया कि अविश्वास वापस ले लो, हम अध्यक्ष हटा देंगे। अविश्वास पर साइन करने वाले दिन बगीचा सरकार पर कसम खाने वाले पार्षद दो फाड़ हो गए, तथा एक-दूसरे को जमकर खरी खोटी सुनाई। अगले दिन जब पार्षदों को गुप्त रणनीति का पता चलाए तो फिर सवाल आया कि बगीचा सरकार की कसम का क्या करें, वहां पर भी झूठ ठीक नहीं है। फिर रास्ता निकाला कि कसम खाने वाले पार्षद इस्तीफा देंगे, लेकिन उनका इस्तीफा प्रशासन स्वीकार नहीं करेगा। ऐसा करके वो कसम से भी फ्री हो जाएंगे। इस्तीफा देने के लिए गुरुवार का दिन तय हुआ, पार्षद पहले बगीचा सरकार पर इस्तीफे की फोटोकॉपी देकर रेली की शक्ल।में कलेक्ट्रेट पहुंचे। इस्तीफ ा लेने कलेक्टर नहीं आए, तो पार्षद दूसरे अधिकारी को इस्तीफा देने से इसलिए कतराने लगे कि बात तो कलेक्टर से हुई है। कहीं दूसरे अधिकारी ने स्वीकार कर लिया तो क्या करेंगे। काफी समझाने के बाद एडीएम को इस्तीफा देने को तैयार हुए,और फिर पैदल अपने घरों को निकल गए। ऐसा करके उन्होंने इंसान और भगवान दोनों को साध लिया, ऐसा उनका मानना है।

## बदरवास बाईपास पर कांग्रेसियों ने किया जीतू पटवारी स्वागत



हरिभूमि न्यूज ▶▶ बदरवास

दतिया एक दिवसीय दौरे पर निकले जीतू पटवारी का बदरवास बाईपास स्वागत किया गया आज बदरवास मैं कांग्रेसी नेताओं मैं दिख जोश। जीतू के शक्त निर्देश की अब कांग्रेस को मजबूत और कर्मठ कार्यकर्ता चाहिए जो मजबूती से काम करें। इस दौरान जिला अध्यक्ष मोहित अग्रवाल, वरिष्ट कांग्रेसी पूर्व डीएसपी नरेंद्र कुमार आर्य, जिला उपाध्यक्ष अर्जुनसिंह सिंह इक्लोदिया, बदरवास ब्लॉक अध्यक्ष राजकुमार सिंह यादव, सुमित यादव, राजू यादव, केपी बिजरौनी, रामपाल यादव, बंटी यादव सहित समस्त कांग्रेस के नेता एवं कार्यकर्ता मौजूद रहे। महिला सराब बाले बाले वीडियो पर यह बोले पटवारी, मेरे वीडियो को तोड़मरोड़ के वायरस किया जा रहा है यह सब भाजपा का झूठ है और कुछ नही अब भाजपा डर रही है।

### शिवपुरी में कथावाचक पर संविधान विरोधी टिप्पणी का आरोप, केस दर्ज

**शिवपुरी।** जिले के भौंती क्षेत्र में कथा वाचन के दौरान कथावाचक बाल विहारी शास्त्री पर समाज विशेष और भारतीय संविधान के खिलाफ टिप्पणी करने का मामला सामने आया है। इस पूरे घटनाक्रम का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल होने के बाद ग्रामीणों ने आपत्ति जताई।ग्राम बुडेरा निवासी मनोज अहिरवार ;31 ने थाना भौंती में लिखित शिकायत देकर कार्रवाई की मांग की। शिकायत में बताया गया कि 14 अगस्त को कथा के मंच से कथावाचक ने एससी, एसटी व ओबीसी के खिलाफ आपत्तिजनक बातें कहीं और यहां तक कहा कि कानून को भी जला देंगे। आरक्षण को लेकर बयान पर विवाद वायरल वीडियो में बाल विहारी शास्त्री कहते दिख रहे हैं कि बाबा साहब ने 11 साल के लिए आरक्षण लागू किया थाए लेकिन अब कुछ लोग श्रीराम को मानने से इनकार कर रहे हैं और केवल डॉ. भीमराव अंबेडकर को अपना बता रहे हैं। उन्होंने यह भी कहा कि अगर सवर्ण समाज एक हो जाए तो ऐसे कानून को भी नहीं मानेंगे और रामराज्य को मानेंगे। इस बयान को लेकर लोगों में नाराजगी फैल गई और ग्रामीणों ने इसे संविधान और बहुजन समाज का अपमान बताया। पुलिस ने फरियादी द्वारा दी गई पेन ड्राइव और शिकायत के आधार पर कथावाचक बाल विहारी शास्त्री के खिलाफ धारा 196 और 299 में मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

## भाकिसं संगठन मंत्री ने किया कृषि उपज मंडी करैरा का औचक निरीक्षण,बंद मिली

हरिभूमि न्यूज ▶▶ करैरा

मध्य प्रदेश के शिवपुरी जिले में वर्षों से बन्द पड़ी करैरा कृषि उपज मंडी का औचक निरीक्षण भारतीय किसान संघ मध्य क्षेत्र के संघठन मंत्री महेश चौधरी ने किया श्री चौधरी एक दिवसीय प्रवास पर जिले में आए हुए हैं। जहां उन्होंने स्थानीय कार्यकर्ताओं से भेंट के बाद कृषि उपज मंडी करैरा का निरीक्षण किया, मंडी में व्याप्त अव्यवस्थाओं तथा किसानों को मिलने वाली सुविधाओं का बारीकी से निरीक्षण किया तो पाया कि मंडी में गुरुवार को दोपहर तक एक भी व्यापारी फ सल खरीदने नहीं पहुँचा, क्योंकि कर्मचारियों और व्यापारियों की मिली भगत के चलते किसानों की उपज को खरीदने एक भी व्यापारी मंडी के अन्दर नहीं आता जिससे मजबूर होकर किसानों को अपनी उपज को व्यापारियों के गोदामों पर ओने पौने दामों में बेचने को मजबूर होना पड़ता है।



#### सुविधाओं के नाम पर शून्य मंडी

सरकार द्वारा मिलने वाली सुविधाओं के नाम पर कृषि उपज मंडी करैरा पूरी तरह से शून्य है, जहां एक ओर खरीद बिक्री पूरी तरह बंद है। तो वहीं किसानों को पीने का पानी भी उपलब्ध नहीं है, किसानों के लिए भोजन व्यवस्था के लिए खोली गई कैंटीन का ताला भी वर्षों से नहीं खुला है। मंडी कर्मचारियों और व्यापारियों की मिली भगत के चलते किसानों की उपज खरीदने के लिए व्यापारियों ने करैरा शहर से जुड़ने वाले सभी मुख्य मार्गों पर अपनी दुकान व गोदाम बना कर खरीदी की जा रही है जिस पर स्थानीय प्रशासन का कोई नियंत्रण नहीं है।

## शराब ठेकेदार के गुंडों ने युवक के साथ की मारपीट

हरिभूमि न्यूज ▶▶ पोहरी

शराब ठेकेदार के गुंडो का आतंक आजकल पोहरी में चरम पर हैए दो दिन पूर्व शिवपुरी से वापस लौट रहे दो युवकों की कार को रोक कर शराब ठेकेदार के कर्मचारियों ने जमकर मारपीट कर दी गईए जिसके बाद पोहरी थाना में इनके खिलाफ अपराध दर्ज किया गया। जानकारी के अनुसार मनीष नामदेव पुत्र भोलाराम नामदेव अपने एक मित्र के साथ शिवपुरी से वापस लौट रहे थे तभी रात 1 बजे के करीब शराब ठेकेदार की गाड़ी ने उनकी गाड़ी का पीछा किया खिन्नी पुल के नजदीक उनकी गाड़ी को टक्कर मारी और गाड़ी आगे लगाकर कार रुकवा कर घेर लियाए पीड़ति मनीष ने बताया कि शराब ठेकेदार के गुंडो ने उसके साथ गाली गलौज की और फिर मारपीट की गईए वह जाते समय गाड़ी से रुपए एवं मोबाइल भी लूट कर ले गए परंतु मोबाइल आगे जाकर रोड़ किनारे फेंक दिया। पूरी घटना की शिकायत पोहरी थाने में दर्ज कराई गई। जहां ठेकेदार के गुंडो विपिन राय, कुलदीप राय, नंदकिशोर शिवहरे तथा एक अन्य के खिलाफ बीएनएस की धारा 115-2, 296, 3-5, 351-2 के तहत मामला दर्ज किया गया है।

#### रात की घटना, अगले दिन दोपहर दर्ज हुआ मामला

आबकारी ठेकेदार और पुलिस की मिली भगत किसी से छुपी नहीं है, यदि इस घटना का सीसीटीवी फुटेज सामने नहीं आया होता तो शायद यह मामला भी दर्ज नहीं किया जाता क्योंकि रात में एवं सुबह भी पीड़ति की रिपोर्ट दर्ज नहीं की गई दोपहर बाद मुश्किल से मामूली धाराओं में मामला दर्ज किया गया।

खेत तालाब, पौधरोपण के बाद ढग पॉइंट व सीसी सड़कों के निर्माण में भी बरती गई भारी कोताही

## सेसई सड़क में 7 लाख के पॉइंट दुर्दशा का शिकार, विकास कार्यों में कमीशनखोरी के चलते स्टीमेट के अनुसार नहीं हो रहा काम

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कोलारस

जनपद पंचायत कोलारस के अंतर्गत आने वाली ग्राम पंचायत सेसई सड़क में विकास कार्य कमीशन खोरी के चलते भ्रष्टाचार की भेंट चढे हुए हैं। यहां पदस्थ सरपंचए सचिव व सहायक सचिव नियमित रूप से न तो ग्राम पंचायत भवन में बैठक कर रहे हैं और न ही विकास कार्यों में ग्राम समिति की कोई राय ले रहे हैं। जिसके चलते निर्माण कार्य स्थल चयन में मनमानी की जा रही है।

ग्राम वासियों को इन विकास कार्यों का जो लाभ प्राप्त होना चाहिए वो नहीं हो पा रहा है। यहां 7 लाख की लागत से बनाए गए 2 ढग पॉइंट भ्रष्टाचार की भेंट चढ गए हैं। महज कागजों में शासकीय राशि के उपयोग को दर्शाने के लिए औपचारिकता पूरी की गई है। उल्लेखनीय है कि वन विभाग चौकी के पीछे व गोशाला के पास बनाए गए दोनों ढग पॉइंटों के निर्माण में अनुपयोगी स्थल का चयन कर 7 लाख रूपये से अधिक की राशि को पानी में बहा दिया गया। यहां किए गए ढग पॉइंटों के निर्माण में जेसीबी मशीन का प्रयोग कर मजदूरों के हक पर ढांका डालते हुए फर्जी मस्टर रॉल तैयार कर कागजों में ही मजदूरी दर्शा दी गई। बता दें कि 13 लाख की लागत से मांगीलाल श्रीधर के घर से सीता पाल के घर ओर व जैन मंदिर वाली रोड से संजय रावत के घर तक सीसी सडकों का निर्माण किया गया था। उक्त दोनों सडकों में स्थानीय नदी नालों की घटिया रेत का प्रयोग किया गया। स्टीमेट के मुताबिक नालियों का निर्माण नहीं किया गया। घटिया निर्माण सामग्री का उपयोग होने से महज एक ही साल में दोनों सीसी सडकों गढढों में तब्दील हो गई हैं। सीमेंट की मात्रा कम उपयोग किए जाने के कारण शीघ्र ही सीसी सडकों से गिटटी निकलकर बाहर आ गई। निरीक्षण के समय उपयंत्री द्वारा किए गए कागजी मूल्यांकन के चलते आज ग्राम वासियों को इन दोनों ही सीसी सडकों का खासा लाभ प्राप्त नहीं हो सका है। इस तरह मूलभूत सुविधाओं जैसे निर्माण कार्यों में सरपंचए सचिव व सहायक सचिव ने अपने धनलोलुप मानसिकता का पोषण कर ग्राम वासियों के हितों के साथ खिलवाड किया है।

ग्राम पंचायत सेसईसडक को शासन द्वारा सभी ग्राम पंचायतों की तर्ज पर समान रूप से वजट उपलब्ध कराया जा रहा है। किंतु यहां विकास की अवधारणा मूर्तरूप नहीं ले पा रही है। सिर्फ कागजों और बैठकों में ही ग्राम पंचायत सेसईसडक के निर्माण कार्य चमकीलें दिखाई दे रहे हैं।

#### इनका कहना है

यदि ग्राम पंचायत सेसईसडक में किए गए निर्माण कार्यों में शासकीय राशि का दुरूपयोग किया गया है तो में जांच कर वसूली की कार्रवाई सस्थिंत कराउंगा। यदि विकास की राशि का दुरूपयोग हुआ है तो दंडात्मक कार्रवाई सुनिश्चित कराएगें।

**हेमंत पुरी,** उपयंत्री जप कोलारस

## सईसपुरा में कुआं धंसा, एक घायल बिजली का खंभा गिरने का खतरा



**शिवपुरी।** सईसपुरा क्षेत्र के खटीक मोहल्ले में गुरुवार सुबह करीब साढ़े सात बजे एक कुआं अचानक धंस गया। कुएं के पास बैठे दो लोग कुएं में गिरने से तो बच गएए लेकिन एक व्यक्ति घायल हो गया। बताया जा रहा है कि बुधवार रात को हुई तेज बारिश के बाद यह हादसा हुआ। घटना के समय 50 वर्षीय अशोक माहौर और भूरा परिहार कुएं के पास बैठे थे। अचानक कुएं का लगभग एक तिहाई ऊपरी हिस्सा भरभराकर धंस गया। दोनों लोग किसी तरह बच निकलेए लेकिन एक को चोटें आईं। बिजली के खंभे ने बढ़ाई चिंता, कुएं से सटा हुआ एक बिजली का खंभा भी है। कुएं का हिस्सा धंसने से खंभा गिरने का खतरा पैदा हो गया है। लोगों ने आशंका जताई है कि अगर खंभा गिरा तो करंट फैल सकता है। रहवासियों ने प्रशासन से तुरंत खंभे को सुरक्षित करने की मांग की है।

## ऐतिहासिक वरिया घाट पर किया मौर विसर्जन



हरिभूमि न्यूज ▶▶ दिनारा

कस्बे के ऐतिहासिक वीर सरोवर तालाब पर महिलाओं का जमावड़ा जुटा । इस दौरान जिन वर वधुओं की इस बरस हुई शादी उनके ऐतिहासिक तालाब वीर सरोवर के बरिया घाट पर सिराए गए मौर आपको बताते चलें सनातन परंपरा के अनुसार जिनकी शादी देव शयनी ग्यारस से पहले हो जाती है उनके मौर भादों की उतरती छठ पर नदी तालाबों में विसर्जन किया जाता है। गत रोज दिनारा में भी इसके लिए महिलाएं तालाब पर एकत्रित हुई।

### उत्कृष्ट विद्यालय क्रमांक-1 में आयोजित हुई जिला स्तरीय खो-खो प्रतियोगिता

# बालक में बीना एवं बालिका वर्ग में खुरई का रहा दबदबा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बीना

शासकीय उत्कृष्ट उच्चतर माध्यमिक विद्यालय क्रमांक -1 में शुक्रवार को जिला स्तरीय शालेय खो-खो प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसमें सागर, बीना, रहली, देवरी, खुरई विकासखंड की टीमों ने भाग लिया। प्रतियोगिता में अंडर 14, 17 एवं 19 आयु वर्ग के छात्र-छात्राओं ने भाग लिया और अपना अपना उत्कृष्ट खेल प्रदर्शन किया। बालक वर्ग में बीना एवं बालिका वर्ग में खुरई की टीमों का दबदबा रहा। जिला स्तरीय प्रतियोगिता का शुभारंभ शाला प्राचार्य एसपी तिवारी ने मेजर ध्यानचंद के चित्र पर माल्यार्पण कर प्रतियोगियों से परिचय प्राप्त करते हुए किया। प्रतियोगिता संपन्न कराने में पीटीआई अशोक अहिरवार, शरीफ खान, मनोज यादव, सुनील कुमार जैन, कोमल पटेल, फखरुद्दीन, आदित्य राय, वेद प्रकाश प्रजापति, आदित्य ताम्रकार, कुलदीप अहिरवार, सलामत खान ने निर्णायक भूमिका रही।

यह रहे परिणाम- अंडर 14 बालक वर्ग में विजेता बीना एवं उपविजेता रहली रही। अंडर 17 बालक वर्ग में विजेता बीना एवं उपविजेता सागर रही। अंडर 19 बालक वर्ग में विजेता बीना एवं उपविजेता सागर रही। अंडर 14 बालिका वर्ग में खुरई विजेता एवं रहली उपविजेता रही। अंडर 17 बालिका वर्ग में खुरई विजेता एवं देवरी उपविजेता रही। अंडर 19 बालिका वर्ग में विजेता बीना एवं उपविजेता सागर रही।



### गर्ल्स कॉलेज में शुरू हुए 3 दिवसीय कार्यक्रम एवं गतिविधियां

**बीना।** गर्ल्स कॉलेज में खेल दिवस के उपलक्ष्य में 3 दिवसीय कार्यक्रमों/ गतिविधियों का आयोजन किया गया। मां सरस्वती पूजन एवं मेजर ध्यानचंद जी के चित्र पर पुष्प अर्पित करते हुए कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मुख्य अतिथि जनभागीदारी समिति अध्यक्ष सोनाली राय ने कहा कि खेल असफलता से सफलता की ओर ले जाने वाला पहला कदम है। हमें सदैव खेलों के प्रति सक्रिय रहना चाहिए। कॉलेज प्रभारी प्राचार्य डॉक्टर रश्मि जैन ने खेल के महत्व को बताते हुए कहा की वर्तमान की समसामयिक समस्या मोबाइल गेम है इसलिए मेरा कहना यह है कि आज की युवा पीढ़ी मोबाइल गेम को छोड़कर मैदानी खेल की तरफ बढ़े ताकि उनका मानसिक एवं शारीरिक विकास हो सके। डॉ उमा लवानिया ने कहा कि खेल को हमेशा खेल भावना से खेलना चाहिए। हमारे प्रतिद्वंद्वी मित्र के समान होते हैं हमें मित्रवत व्यवहार कर खेलना है। मुख्य वक्ता डॉक्टर अमन आर्य क्रीड़ा अधिकारी ने राष्ट्रीय खेल दिवस एवं खेलों से करियर के बारे में छात्राओं को विस्तृत जानकारी दी। इस अवसर पर कुर्सी दौड़ एवं रस्सा खींच प्रतियोगिताओं का आयोजन कॉलेज की छात्राओं एवं अधिकारियों/ कर्मचारियों के लिए किया गया। यह रहे परिणाम- कुर्सी दौड़ प्रतियोगिता में प्रथम रिमशा खान, द्वितीय मंजू लोधी एवं तृतीय स्थान पर दीक्षा तिवारी रहीं। रस्सा खींच प्रतियोगिता में ए समूह विजेता रही, जिसकी कैप्टन हेमलता लोधी रही एवं बी समूह उपविजेता रहा, जिसकी कैप्टन रिमशा खान रहीं। इसी प्रकार कॉलेज के अधिकारियों एवं कर्मचारियों की कुर्सी दौड़ प्रतियोगिता में प्रथम मनीता राजपूत, द्वितीय प्रशांत कुशवाहा एवं तृतीय स्थान पर डॉ अमन आर्य रहे। रस्सा खींच में प्रथम ए ग्रुप रहा, जिसके कैप्टन डॉक्टर अमन आर्य विजेता टीम एवं बी ग्रुप जिसके कप्तान आशीष गुप्ता उपविजेता टीम रही। कार्यक्रम का संचालन डॉ दीपमाला सिंह द्वारा किया गया।

